हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 26 मार्च 2026


तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 19.2 डिग्री


12 भारतमाला में हनोदा-बोरसी के पास बोगदा पुल की ...





13 योग आयुर्वेद और पंचकर्म पद्धति का लाभ मिला...






## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं
दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

## विशेष सम्मेलन में मदों को दूसरे मद में खर्च करने को लेकर जमकर हंगामा

# कमिश्नर को हटाने का संकल्प के साथ बगैर चर्चा के 742 करोड़ का बजट हुआ अनुमोदित

### मेयर नीरज पाल ने कार्यकाल का पेश किया अंतिम बजट, हुए भावुक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई निगम में बजट सत्र वर्ष 2026-27 को लेकर बुधवार को विशेष सम्मलेन हुआ। महापौर नीरज पाल के कार्यकाल का अंतिम बजट अभिभाषण से शुरूआत हुई। उसके बाद मदों को दूसरे मदों में खर्च करने को लेकर विपक्ष और सत्ता पक्ष में जमकर तकरार हुई। विपक्ष ने शिक्षा उपकर, निगम की संचित निधि , भू-भाटक राशि को दूसरे मद में खर्च करने का मुद्दा उठाते हुए निगम अधिकारियों को घेरना शुरू किया। एमआईसी को भी इस मामले में जिम्मेदार ठहराने की भी कोशिश हुई। इस बीच सत्ता पक्ष ने भष्ट्राचार के आरोपों की जांच राज्य सरकार से करवाने लेने की बात कही और इसे लेकर जमकर हंगामा खड़ा हो गया। बखेड़ा खड़ा न हो इसे देखते हुए निगम सभापति ने लंच के नाम पर सभा स्थगित कर दी। लंच के बाद सभा शुरू हुई और भाजपा पार्षद पीयूष मिश्रा ने मदों के खर्च को लेकर फिर हमला करना शुरू कर दिया और अंत में इसके लिए निगम आयुक्त राजीव पांडेय को जिम्मेदार ठहरा दिया। निगम आयुक्त ने इस पर कहा कि सदन में व्यक्तिगत बात न की जाए और बुद्धिपूर्वक चर्चा हो। संसदीय तरीके से अपनी बात रखी जाए। इस कथन के बाद विपक्ष और सत्ता पक्ष के पार्षदों ने हंगामा खड़ा कर दिया। हंगामे के बीच सभापति गिरवर बंटी साहू ने आयुक्त के खिलाफ हटाने का संकल्प और 742 करोड़ 63 लाख के बजट को अनुमोदित कर दिया। पूरे चार घंटे चली विशेष सम्मेलन में बजट पर चर्चा की नहीं हुई।








### 96 करोड़ लाभ का बजट

महापौर नीरज पाल ने 96 करोड़ 26 लाख 35 हजार रुपए लाभ का बजट पेश किया है। प्रारंभिक शेष राशि 188 करोड़ 98 लाख 28 हजार और व्यय 649 करोड़ 91 लाख 39 हजार रुपए दर्शाया गया है। इस प्रकार कुल 838 करोड़ 89 लाख 67 हजार के विरूद्ध 742 करोड़ 63 लाख 32 हजार रुपए के व्यय का अनुमोदन किया गया है।

### नेता प्रतिपक्ष का भष्ट्राचार का आरोप सत्ता पक्ष ने साय सरकार को घेरा

विशेष सम्मलेन के दौरान नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ब्रीफकेस लेकर पहुंचे थे। उन्होने सदन में शहर सरकार के चार साल के कार्यकाल को विकास नहीं बल्कि भष्ट्राचार का कार्यकाल कहा। उन्होने शहर सरकार को घेरते हुए कहा कि 40 से 50 करोड़ रुपए का भष्ट्राचार किए गए हैं। जो केंद्र सरकार के बजट का था और उसे ठेकेदारों को भुगतान कर दिया। इसके बाद सत्ता पक्ष के स्वास्थ्य विभाग प्रभारी व एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू ने कहा कि राज्य में आपकी सरकार है। जांच करवा लें। हंगामा ऐसा बढ़ा कि उन्होने यह तक कह दिया की साय सरकार अफीम उगवा रही है।

### शहर विकास की रूपरेखा

- प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम में 1000 सीटर अत्याधुनिक ऑडोटोरियम
- 3 के अंतर्गत एसीसी चौक से पावर हाउस चौक तक नंदिनी रोड चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण
- पेयजल, पानी टंकी अमृत मिशन 2.0 में 4000 लाख रुपए का प्रावधान
- नेहरूनगर अंडरब्रिज के पास 7 करोड़ रुपए से नया सर्विस रोड
- अत्याधुनिक साइंस सेंटर की स्थापना 22.50 करोड़ रुपए से होगी।
- 1 करोड़ 99 लाख रुपये की लागत से स्केटिंग रिंग
- 1 करोड़ 9 लाख रुपये की लागत से हॉर्स राइडिंग ट्रैक
- 4 करोड़ 99 लाख रुपये की लागत से रनिंग ट्रैक
- 4 करोड़ 97 लाख रुपये की लागत से स्विमिंग पूल का निर्माण
- 21 करोड़ 56 लाख रुपये की लागत से जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत सीवरेज का कार्य
- हुडको क्षेत्र में 11 करोड़ रुपये की लागत से सीवरेज का कार्य
- 6 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से जवाहर मार्केट का उन्नयन
- 11 करोड 42 लाख रुपये की लागत से नालंदा परिसर का विकास
- स्थानों- सेक्टर-2, वैशाली नगर, हाउसिंग बोर्ड, राधिका नगर एवं खुर्सीपार में बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड विकसित
- सेक्टर-9 में एक वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण
- खुर्सीपार स्थित आईटीआई ग्राउंड एवं छावनी स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में दो प्राकृतिक घासयुक्त फुटबॉल मैदान

## रिद्धि सिद्धी बिल्डर्स ने फ्लैट के नाम पर 24.50 लाख रुपए की धोखाधड़ी की

- कोर्ट के आदेश पर 2 महिला 4 पुरुषों पर एफआईआर

**भिलाई।** फ्लैट के नाम पर ठगी करने वाले बिल्डर्स के खिलाफ न्यायालय के आदेश के बाद दुर्ग कोतवाली पुलिस ने दो महिला और चार पुरुषों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने बताया कि गंजपारा स्थित रिद्धि सिद्धी बिल्डर्स ने फ्लैट के नाम पर पीड़ितों से 2011 में 24.50 लाख रुपए लिया था। इस दौरान 2018 तक पीड़ित ब्याज की राशि बैंक को पटाते रहे। इसके बाद भी रिद्धि सिद्धि बिल्डर्स ने उन्हें प्लैट तक नहीं दिया। बल्कि मिले उक्त रकम को पार्टनरों ने आपस में बांट लिया। परेशान होकर चार पीड़ितों ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने जयआनंद परिसर जैन गली दुर्ग निवासी रुपेश जैन,सजल जैन, शनिचरी बाजार दुर्ग विश्वास गुप्ता, शिवपारा दुर्ग मनीष शर्मा, खंडेलवाल कालोनी दुर्ग अमृता खंडेलवाल, 9/16 ऋषभ नगर दुर्ग कमला देवी बोथरा के खिलाफ दुर्ग कोतवाली ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोपियों को अभी तक नहीं पकड़ पाई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने मिलकर रिद्धि सिद्धि बिल्डर्स नाम से फर्म तैयार किया। जिसके तहत जमीन खरीदकर मकान निर्माण किया करते थे। धोखाधड़ी को लेकर पुलिस से शिकायत की। आरोपियों के खिलाफ धारा 318(2), 328, 356 (3) आदि के तहत अपराध दर्ज किया गया।







## खबर संक्षेप

### समतलीकरण के लिए 7.61 लाख रुपए स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में जनहित के कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। विधानसभा अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित इन कार्यों के लिए कुल 7 लाख 61 हजार रूपए की राशि मंजूर की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत राशि से विकास खण्ड धमधा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पाहंदा में महत्वपूर्ण बुनियादी कार्य कराए जाएंगे। इसके तहत स्कूल, ग्राम पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन के मैदान का समतलीकरण एवं मुरमीकरण कार्य किया जाएगा। स्वीकृत कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत धमधा द्वारा किया जाएगा।

### सेमरिया में अहाता निर्माण के लिए 6 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा क्षेत्र साजा में विकास कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। साजा विधानसभा क्षेत्र विधायक ईश्वर साहू द्वारा अनुशंसित इस कार्य के लिए 6 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत राशि से विकासखंड धमधा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरिया में सेन भवन के पास अहाता निर्माण का कार्य कराया जाएगा।

### 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विभिन्न दुर्घटनाओं में असमय मृत्यु का शिकार हुए व्यक्तियों के परिजनों के लिए कुल 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनुभाग दुर्ग के अंतर्गत ग्राम मतवारी निवासी पप्पू लाल चौधरी की 7 फरवरी 2025 को शिवनाथ नदी के महमरा एनीकेट में नहाते समय डूबने से , भिलाई-03 अनुभाग के ग्राम लिमतरा निवासी जगतराम यादव की 27 सितम्बर 2021 को गांव के डबरी तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी।

# 40 ओपन डंपिंग ग्राउंड का कायाकल्प, लोगों को मिल रहा स्वस्थ वातावरण

## रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा की पहल से संभव हो पाया काम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रिसाली निगम के ओपन डंपिग ग्राउंड की तस्वीर बदलने लगी है। इस निगम क्षेत्र के अंतर्गत 40 ओपन डंपिंग ग्राउंड का कायाकल्प हो रहा है। इसमें से 31 स्थान कायाकल्प होने से सुंदर स्थान के रूप में परिवर्तित चुका है। कभी कचरे का ढ़ेर और बदबूयुक्त वातावरण इस जगह पर थी लेकिन आज यहां की आबो-हवा ही बदल गई है। यही नहीं साफ सुथरी सड़क, व्यवस्थित कचरा निष्पादन और स्वच्छ-सुंदर वातावरण रिसाली निगम की पहचान बनती जा रही है। नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने कुछ इसी तरह रिसाली निगम की तस्वीर बदलने का कार्य की है। उन्होंने नागरिकों की प्राथमिकता पर न केवल कार्य योजना तैयार की, बल्कि उसे धरातल पर मूर्तरूप देने में सफल भी हुई। यही वजह है कि रोजाना घरों और बाजार से निकलने वाले 44 टन कचरा का निष्पादन सफलतापूर्वक किया जा रहा है।


पहले की तस्वीर


अब यह स्थिति

### स्वच्छता का संकल्प हो रहा साकार

केन्द्र और राज्य सरकार ने भी स्वच्छता को पहले पायदान पर रखा है। इसे मद्देनजर रखते हुए रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने नागरिकों की सेहत और स्थानीय लोगों को स्वच्छ वातावरण देने में जुट गईं। पदभार ग्रहण करते ही उन्होने संकल्प लिया। यह संकल्प अब साकार रूप ले चुका है। उन्होंने एस.एल.आर.एम. सेंटरों (कचरा पृथक्करण केन्द्र) को पहले प्राथमिकता दी और इसे व्यवस्थित करने में । उसे अत्याधुनिक कर आस-पास क्षेत्र में फैलने वाले दुर्गन्ध को खत्म कर नागरिकों को स्वच्छ वातावरण का एहसास कराया। अब स्थिति ऐसी है कि घरों से निकलने वाला कचरा न केवल एस.एल.आर.एम. में पूर्ण रूप से निष्पादन हो रहा है, बल्कि आस-पास का क्षेत्र भी स्वच्छ हो गया है।

### 80 प्रतिशत सूखा-गीला कचरा अलग-अलग

निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने मार्च 2024 में वे नगर पालिक निगम रिसाली में पदभार ग्रहण की। तब कचरे का पृथक्करण केन्द्र केवल नाम का था। मॉर्निंग विजिट करने से खुलासा हुआ कि डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन तो हो रहा है, लेकिन गीला सूखा कचरा अलग-अलग करने में लोग रूचि नहीं दिखा रहे है। इसके बाद वार्ड वासियों में जागरूकता लाने 300 से ज्यादा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई और गीला-सूखा कचरा अलग-अलग करने अभियान चलाया। परिणाम बेहद संतोषजनक आया। वर्तमान में केवल स्लम क्षेत्र से 20 प्रतिशत लोग ही मिक्स कचरा दे रहे है यानी टार्गेट अब केवल 20 प्रतिशत ही रह गया है।

### 44 टन कचरा हर रोज पहुंच रहा

रिसाली निगम क्षेत्र में 40 वार्ड है। इसमें 7 वार्ड टाउनशिप के शामिल है। टाउनशिप को छोड़कर 98 हजार की आबादी वाले क्षेत्र से घरों से निकलने वाला 44 टन कचरा एस.एल.आर.एम. सेंटर तक पहुंच रहा है। जहां कचरा को अलग-अलग कर विनिष्टीकरण कार्य किया जा रहा है। निकाय के 7 एस.एल.आर.एम. सेंटर को इस कार्य के लिए अत्याधुनिक बनाने निरंतर प्रयास भी किया जा रहा है। वर्तमान में ऐसे अपशिष्ट को फेंकने के बजाए फारनेस के माध्यम से नष्ट किया जा रहा जो खुले में फेंकने से अपराध की श्रेणी में आता है।

### प्रतिस्पर्धा से बढ़ी जिम्मेदारी



निकाय क्षेत्र में कुल 7 रूआबांधा, मैत्रीकुंज, टंकी मरोदा, लक्ष्मी नगर, नेवई, डुण्डेरा और पुरैना के वार्ड में एस.एल.आर.एम. सेंटर बनाया गया है। यहां हर साल प्रतिस्पर्धा आयोजित की जाती है। शत-प्रतिशत कचरा निष्पादन करने पर सुपरवाइजर और सहयोगी स्वच्छता मित्र को पुरस्कृत किया जाता है। 26 जनवरी 2026 को मूल्यांकन कर टंकी मरोदा एसएलआरएम को सर्वश्रेष्ठ एसएलआरएम घोषित किया है।
**-मोनिका वर्मा,** आयुक्त नगर निगम रिसाली

# बकाया न पटाने पर हटरी बाजार के व्यापारी की दुकान की गई सील

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत लंबे समय से बकाया राशि नहीं जमा करने वाले दुकानदारों पर निगम ने कार्रवाई की। इंदिरा मार्केट स्थित हटरी बाजार में महाराज रेडिमेट दुकान संचालक पार्वती पंडो एवं नारायण पंडो ने दुकान का करीब 1.77 लाख रुपए बकाया जमा नहीं किया था। दुकान संचालक को पूर्व में नोटिस जारी कर बकाया राशि जमा करने हेतु निर्देशित किया गया, किन्तु संचालक द्वारा न तो नोटिस का कोई जवाब दिया गया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया गया।लगातार अनदेखी के चलते निगम प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। राजस्व विभाग, बाजार विभाग एवं लाइसेंस विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर इंदिरा मार्केट हटरी बाजार स्थित उक्त महाराज रेडिमेट दुकान को सील करने की कार्रवाई की गई। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि दुकानदारों को बार-बार नोटिस जारी किया जा रहा है। बावजूद बकाया राशि जमा नहीं की जा रही है। ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी थानसिंग यादव, चंदन मनहरे, राम खिलावन शर्मा, पवन नायक सहित अन्य मौजूद थे।

## परगनिहा के निधन पर अर्पित की गई श्रद्धांजलि

**भिलाई।** बाकलीवाल भवन सेक्टर 6 में समाजसेवी सोमलाल परगनिहा की धर्मपत्नी और भिलाई इस्पात संयंत्र में जीएम एसएमएस 3 में कार्यरत यूएस परगनिहा की भाभी समाज सेविका लक्ष्मी परगनिहा के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया।

भिलाई इस्पात संयंत्र अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति निःशक्त महिला और अन्य पिछड़ा वर्ग एसोसिएशन के चेयरमैन आरडी कोरी ने पहुंचकर परिवारजनों से भेंटकर गहरा दुःख जताया। आरडी कोरी ने कहा कि लक्ष्मी परगनिहा द्वारा सामाजिक और राजनीतिक सहयोग को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान बलदाऊ प्रसाद चंद्राकर, आरसी भोंसले, सतीशचंद सोनकर, अविनाश राणे, जेके परगनिहा, आरपी सिंहा, केएल वर्मा, जय प्रकाश परगनिहा समेत समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# भारतमाला में हनोदा-बोरसी के पास बोगदा पुल की हाईट कम, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एडीएम विरेन्द्र सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 128 आवेदन प्राप्त हुए।

- नशाखोरी को लेकर कलेक्टर से शिकायत

इसी कड़ी में ग्राम पंचायत कानाकोट सरपंच व ग्रामवासियों ने पानी टंकी पानी प्रदान करने आवेदन दिया। ग्रामवासियों ने बताया कि गांव में पानी टंकी का निर्माण किया गया है और हर घर तक पानी पहुंचाने की योजना है, लेकिन वर्तमान में केवल कुछ ही घरों को इसका लाभ मिल पा रहा है। कई स्थानों पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी सप्लाई बाधित है। गर्मी के मौसम को देखते हुए पानी की समस्या और गंभीर हो गई है। इस पर एडीएमविरेन्द्र सिंह ने पीएचई को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।



### दशहरा मैदान के आसपास संदिग्ध गतिविधियां, शिकायत

वार्ड-14 पार्षद द्वारा शांति नगर क्षेत्र के दशहरा मैदान व शासकीय विद्यालय के सामने अवैध ठेले-खोमचे और नशीली गतिविधियों को लेकर शिकायत की। उन्होंने बताया कि इन ठेलों के माध्यम से नशीले पदार्थों की बिक्री हो रही है, जिससे शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत स्कूली बच्चों और क्षेत्रवासियों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। यह सामाजिक दृष्टि से अत्यंत गंभीर है। इस पर एडीएम ने नगर निगम भिलाई को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। हनोदा सरपंच ने भारत माता परियोजना के तहत हनोदा-बोरसी मुख्य मार्ग में बोगदा पुल की ऊंचाई बढ़ाने की मांग की। ग्राम हनोदा में भारत माला परियोजना के तहत हनोदा-बोरसी मुख्य मार्ग में बन रहे गोबदा पुल की वर्तमान ऊंचाई 4 मीटर है। इससे फसल कटाई, हार्वेस्टर और सरकारी चावल की गाड़ियों के आवागमन में दिक्कत होगी। उन्होंने पुल की ऊँचाई 6 मीटर करने की मांग की।

# मंत्री गजेन्द्र यादव ने यात्री बस में सफर कर आमजनों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने बुधवार को सादगी और जनसेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए आम नागरिकों की तरह यात्री बस में सफर किया। वे धमधा से दुर्ग बस स्टैंड तक बिना किसी प्रोटोकॉल के एक सामान्य यात्री की तरह बस में बैठे और सहयात्रियों के साथ सहजता से संवाद किया। बस में केबिनेट मंत्री की मौजूदगी देखकर यात्रियों में पहले तो आश्चर्य हुआ, लेकिन उनकी सरलता और अपनापन देखकर सभी ने उनसे बातचीत किये।

बस यात्रा के दौरान कई यात्रियों ने शिक्षा मंत्री के साथ सेल्फी ली और उनसे बेझिझक बातचीत किये। मंत्री ने भी बिना किसी औपचारिकता के सभी यात्रियों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं, सुझावों को ध्यानपूर्वक सुने। गजेंद्र यादव ने बताया कि वे पारिवारिक कार्य से पथरिया गए हुए थे। वापसी के दौरान बेमेतरा से दुर्ग तक अनमोल ट्रेवल्स की सवारी बस में यात्रा करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की यात्रा से आमजन के बीच जाकर उनकी वास्तविक समस्याओं और जरूरतों को समझने का अवसर मिलता है, जो किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षकों से शिक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की। मंत्री ने सुझावों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि शासन स्तर पर इन बिंदुओं पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिए। इसके साथ ही ग्रामीण यात्रियों से बातचीत करते हुए खेती-किसानी, फसल उत्पादन, सिंचाई, समर्थन मूल्य, तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभ को लेकर भी चर्चा की।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष व महामंत्रियों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष तेखन सिन्हा ने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मंत्री ताम्रध्वज साहू, मंडलों के अध्यक्ष एवं महामंत्रियों की घोषणा कर दी है।

सदर गौरव पथ से अध्यक्ष सुरेश साहू, महामंत्री चंद्रकांत साहू, पुरुषोत्तम मटियारा, चंडी शीतला मंडल से अध्यक्ष विकास सेन, महामंत्री अनिल कुमार साहू, मोनिका ताम्रकार, सिकोला भाटा पटरी पार से अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, महामंत्री कार्तिक सिन्हा, मनीष देवांगन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मध्य मंडल से अध्यक्ष पुष्पेंद्र वर्मा, महामंत्री प्रदीप साहू, हरि देवांगन, कसारीडीह बोरसी मंडल से अध्यक्ष सुरेंद्र साहू, महामंत्री अमर यादव, पवन चक्रधारी, उतई मंडल अध्यक्ष घनश्याम चंद्राकर, महामंत्री पुरुषोत्तम साहू, भूषण वर्मा, रिसाली मंडल अध्यक्ष विक्की सोनी, महामंत्री जागेश्वर प्रसाद निर्मलकर, बलराम यादव, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष रानू धनकर ,महामंत्री दिलीप सोनी, मुकेश यादव, अंडा निकुम मंडल अध्यक्ष पारख चंद साहू, महामंत्री मोरध्वज यादव, राजेश देवांगन, अंजोरा मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, महामंत्री राजेश्वर यादव, अश्वनी साहू, धमधा मंडल अध्यक्ष हर्ष साहू, महामंत्री आत्माराम यादव, स्वरूप नारायण ताम्रकार, लिटिया बोरी मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, महामंत्री हरिशंकर यादव, दिनेश साहू, अमलेश्वर मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, महामंत्री लवकुश चंद्राकर, कुंज बिहारी साहू, पाटन मंडल अध्यक्ष भोजराम यादव, महामंत्री चिरंजीव देवांगन, रवि साहू, जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कौशल गंजीर, महामंत्री सुभाष यादव, चंद्रकांत साहू, दरबार मोखली मंडल अध्यक्ष धनीराम वर्मा, महामंत्री वासु वर्मा, मुन्ना पाल कुम्हारी मंडल अध्यक्ष उमेश साहू, महामंत्री हरीश सोनी, नारायण यादव है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू, संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला प्रभारी नंदन जैन कि सहमति से यह नियुक्ति की गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा पार्टी हमेशा से समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी रही है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा समाज के उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है, जिसने अपने परिश्रम, संघर्ष और प्रतिभा से देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

- जिला प्रभारी नंदन जैन कि सहमति से हुई नियुक्ति

# स्वच्छता दीदियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा 14 मार्च से प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में स्वच्छता दीदियों एवं अमृत मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाने की घोषणा की गई थी। इसी कड़ी में आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 31 मार्च तक विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। नगर निगम द्वारा इन शिविरों का आयोजन स्वच्छता दीदियों के कार्यस्थल के समीप ही किया जाएगा, ताकि उन्हें सुविधाजनक तरीके से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श, उपचार एवं निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया जाएगा। साथ ही आवश्यकतानुसार विभिन्न जांचें भी की जाएंगी, जिनमें ब्लड टेस्ट, थायरॉइड टेस्ट, बीपी, शुगर टेस्ट, यूरिन टेस्ट, यूरिक एसिड, एलडीएच, कोलेस्ट्रॉल सहित अन्य जांचें शामिल हैं। साथ ही प्रतिदिन की रिपोर्ट राज्य शहरी विकास अभिकरण को भेजी जाएगी। शिविर 26 मार्च धमधा नाका एसएलआरएम सेंटर, 27 मार्च बटालियन एसएलआरएम सेंटर, 30 मार्च को बोरसी हाट बाजार एसएलआरएम सेंटर में लगाया जाएगा।

- ब्लड, शुगर, थायरॉइड सहित कई जांचें होंगी नि:शुल्क




# आप ने की दिव्यांग मित्र विभाग बनाने की मांग ताकि टोल फ्री नंबर से मिले घर पहुंच सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई नगर निगम में दिव्यांगजन के लिए अलग दिव्यांग मित्र विभाग बनाने की मांग उठी है। आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निगम की कार्यप्रणाली में बदलाव की बात कही है।

- कलेक्टर सौंपा ज्ञापन बदलाव की कही बात

जसप्रीत सिंह का कहना है कि दिव्यांगजनों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगवाने के बजाय प्रशासन को उनकी सुविधा के लिए घर तक सेवाएं पहुंचानी चाहिए। उन्होंने मांग की है कि नगर निगम के अंतर्गत एक स्वतंत्र दिव्यांग मित्र विभाग बनाया जाए, जो केवल दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान के लिए जिम्मेदार हो। इसके साथ ही एक टोल फ्री नंबर जारी किया जाए, जिस पर कॉल करते ही दिव्यांगजनों को राशन कार्ड, पेंशन और ट्राई-साइकिल जैसी सुविधाएं घर पर ही उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सर्वे और अन्य दस्तावेजी प्रक्रियाओं के लिए अधिकारी स्वयं दिव्यांगों के घर जाकर काम पूरा करें, ताकि उन्हें निगम कार्यालय तक न आना पड़े। प्रेस से चर्चा के दौरान जसप्रीत सिंह ने प्रशासन पर संवेदनहीनता का आरोप भी लगाया। उन्होंने बताया कि हाल ही में जोन-3 कार्यालय में एक 80 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति बनवारी मेश्राम को अपनी पेंशन के लिए पुरानी सर्वे सूची खुद खोजने के लिए कहा गया, जबकि जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे थे। इस संबंध में ज्ञापन मुख्यमंत्री सचिवालय और नगर निगम आयुक्त को भी भेजा गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मेहरबान सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, अविनाश, रऊफ अंसारी, हचरण सिंह, अमजद अली सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



## नवजात को गहन चिकित्सा कक्ष में वेंटिलेटर सपोर्ट में रखा गया

# 50 दिनों की मशक्कत के बाद नवजात की बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला अस्पताल में चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ ने नवजात शिशु को नया जीवन प्रदान करने में अहम योगदान दिया। अंजोरा निवासी ममता पति शेखर जांगड़े को 4 फरवरी को समयपूर्व नवजात शिशु का जन्म हुआ, जिसका वजन जन्म के समय मात्र 900 ग्राम था। शिशु की हालत बेहद गंभीर थी और उसे सांस लेने में गंभीर परेशानी हो रही थी।

- नवजात रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम से था पीड़ित

चिकित्सकीय जांच में नवजात को रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम से पीड़ति पाया गया। स्थिति को देखते हुए उसे तत्काल विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई में भर्ती कर वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। नवजात शिशु देखभाल इकाई इंचार्ज पीडियाट्रिशियन डॉ. वाई. किरण कुमार के नेतृत्व में शिशु के फेफड़ों में सर्फेक्टेंट थेरेपी दी गई, जिसमें डीएनबी रेजिडेंट डॉ. हेमंत सिंह ने सहयोग किया। पीआरबीसीएस (रक्त) चढ़ाया गया, आईव्ही एंटीबायोटिक्स सहित अन्य जरूरी दवाएं दी गईं। साथ ही नियमित आरओपी स्क्रीनिंग, पोषण प्रबंधन और निरंतर मॉनिटरिंग की गई। लगभग 50 दिनों तक चले गहन उपचार के बाद शिशु की स्थिति में लगातार सुधार हुआ। वर्तमान में शिशु पूरी तरह स्वस्थ है और उसका वजन बढ़कर 1.8 किलोग्राम हो गया है। चिकित्सकों ने संतोष व्यक्त करते हुए शिशु को अस्पताल से छुट्टी दे दी है।



### जिला में नवजात शिशुओं को देखरेख में तेजी से हो रहा सुधार

जिला अस्पताल में नवजात शिशुओं के इलाज और देखरेख में पहले से ज्यादा सुधार देखने को मिल रहा है। शिशु रोग विभाग के प्रमुख डॉ. आरके मल्होत्रा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमंत कुमार साहू, डॉ. वाई किरण कुमार, नवजात शिशु देखभाल इकाई मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष साहू, डॉ. पूजा, डॉ. आलोक सहित नर्सिंग स्टाफ और सहयोगी कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से मॉनीटरिंग की जा रही है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. आशीषन मिन्ज ने इस उपलब्धि पर पूरी टीम को बधाई दी है।

## बाल विवाह पर निगरानी के लिए टीम गठित

**दुर्ग।** रामनवमी, अक्षय तृतीया के अवसर पर शहरी व ग्रामीण स्तर पर अधिकतर भ्रांतियों के चलते बाल विवाह संपन्न कराया जाता है। जिले में बाल विवाह को पूर्णरूप से प्रतिबंधित करने जिला प्रशासन द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति, चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम गठित की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम तहत 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की के विवाह को प्रतिबंधित करता है। 21 वर्ष से कम आयु का पुरूष यदि 18 वर्ष से कम आयु की किसी बालिका से विवाह करता है तो उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 01 लाख रुपए तक हो सकता है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार आरती कहार धर्मपत्नी स्व. ढालेश्वर कहार, निवासी सोमवारी बाजार, गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.) के संयुक्त स्वामित्व हक की कृषि भूमि ग्राम सिरनाभाठा, प.ह.नं.-00007, रा.नि.मं. धमधा, तह. धमधा, जिला-दुर्ग स्थित खसरा नं. -73/5, रकबा 0.03 हे. को अन्य सहखातेदारों द्वारा मेरे पक्षकार की जानकारी के बगैर मनू यादव पिता मानसिंह यादव को विक्रय करने का विक्रय इकरारनामा दिनांक-17/11/2025 को किया गया है।

चूंकि मेरा पक्षकार उक्त वर्णित भूमि का विक्रय करना नहीं चाहता है अन्य खातेदारों द्वारा विक्रय करने की स्थिति में स्वयं क्रय करना चाहता है, जिस संबंध में सहखातेदारों को अधिवक्ता के माध्यम से विधिक नोटिस दिया जा चुका है। भूमि विवादित होने की स्थिति में सर्व साधारण को सूचना के माध्यम से ताकिद किया जाता है कि अन्य सहखातेदारों से उक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा न करें एवं किये गये सौदे को क्रेता मनू यादव वापस लें अन्यथा उन्हें इस संबंध में किसी प्रकार का स्वत्व या अधिपत्य प्राप्त नहीं होगा, व उसके परिणामों के लिए स्वयं उत्तरदायी रहेंगे।

**सो सूचना जानें एवं कानूनी विवाद से दूर रहें।**

स्थान-दुर्ग
दिनांक-25/03/2026

भवदीय
बिरेन्द्र शर्मा अधिवक्ता
जिला-न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
मो.- 9826331460

**// आम- सूचना //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार युवराज बघेल पिता रामकृष्ण बघेल, निवासी ग्राम बेलौदी, तहसील पाटन,जिला-दुर्ग (छ.ग.) के नाम, हक व स्वामित्व की भूमि वाके मौजा ग्राम बेलौदी, प.ह.न. 29, तहसील पाटन, रा.नि.म. जामगांव (आर), तहसील- पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित खसरा नं. 269, 235/2, 25/2, 26/1, 277/2, 88/3, रकबा 0.11, 0.02, 0.06, 1.30,0.16 0.18 कुल खसरा 06 कुल रकबा 1.83 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। तथा मेरे पक्षकार के नाम दर्ज उपरोक्त भूमि किसी बैंक, अर्धशासकीय बैंक, संस्था, निकाय या किसी साहूकार के पास कोई ऋण या बंधक नहीं है। तथा उपरोक्त भूमि पूर्णतः पाक व साफ है। जिसे मेरे पक्षकार उपरोक्त सभी खसरे रकबे की भूमि को उचित दाम / मूल्य पर विक्रय करना चाहता है।

अतः उपरोक्त मौजा ग्राम- बेलौदी, प.ह.न. 29, तहसील पाटन, जिला- दुर्ग (छ.ग.) स्थित उपरोक्त रकबे - खसरे की भूमि को खरीदने के इच्छुक व्यक्ति मेरे एवं मेरे पक्षकार के पास सम्पर्क कर सकते है।

**अतः सो सूचना जाने ।**

स्थान- पाटन
दिनांक- 24-03-2026

अधिवक्ता
षठवदन देवांगन (सुजल देवांगन )
तहसील - कार्यालय पाटन जिला- दुर्ग
मो. न.- 78698-90725

## खबर संक्षेप

### धनकर समाज ने एकता व शिक्षा पर दिया जोर

**अंडा।** ग्राम आमटी नदी घाट पर झारिया गराड़िया (धनकर) समाज का वार्षिक अधिवेशन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी, उपसरपंच व धनकर समाज के अध्यक्ष व पदाधिकारी सभी लोग उपस्थित थे। सरपंच ने अपने संबोधन में समाज की एकता, शिक्षा और जागरूकता पर विशेष बल दिया। अपने उद्बोधन में अतिथि ने कहा कि ऐसे सामाजिक आयोजन समाज को एकजुट रखने के साथ-साथ अपनी संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम होते हैं। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने आह्वान किया कि वे शिक्षा, अच्छे संस्कार और समाज सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाएं कार्यक्रम के अंत में अतिथि ने अधिवेशन की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दी।

### सकारात्मक सोच ही समाज को नई दिशा देता है: नायक



**सेलूद।** सर्व कुर्मी समाज द्वारा लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम, बिलासपुर में महिला सम्मान एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत पाटन अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। अपने प्रेरक उद्बोधन में उन्होंने समाज की एकजुटता और समन्वय पर विशेष बल देते हुए कहा कि एकजुटता, समन्वय और सकारात्मक सोच ही किसी भी समाज को नई दिशा देने की सबसे बड़ी शक्ति होती है। सर्व कुर्मी समाज द्वारा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक का आत्मीय सम्मान किया गया।

### परमात्मा को पाने दया, प्रेम का भाव मन में रखे

**सेलूद।** केसरा में आयोजित भागवत महापुराण कथा वाचक विष्णु अरोड़ा ने रूखमणी विवाह पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा, लक्ष्मी के माध्यम से नारायण से मिलना है तो संकल्प करो और शुद्ध मन से कर्म पथ पर बढ़ो तभी लक्ष्मी की प्राप्ति होगी। सातवें दिन की कथा सुनने कमलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पाटन, रमन टिकरहिया, ईश्वर निषाद सरपंच केसरा, गंगादीन साहू, दिनेश साहू, कमलेश पटेल, सागर सिन्हा, पवन निर्मल, राजाराम सिन्हा, मदन यादव सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे। आज आयोजको के द्वारा रुकमणी विवाह में छत्तीसगढ़ के परंपरानुसार पचहर उपहार भेट की गई।

## निधन

### शीला बाई खापर्डे

**भिलाई।** मकान नंबर 178 बी मैत्री विहार निवासी शीला बाई खापर्डे उम्र 90 वर्ष का निधन 25 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 मार्च को रामनगर मुक्तिधाम में दोपहर 12 बजे किया जाएगा। वे स्व. बीडी खापर्डे की पत्नी, विजय खापर्डे की मां, आशीष, वरुण की दादी और पत्रकार अनिल साखरे की सासू मां थीं।



### जगदीश यादव

**जामुल।** ग्राम कचान्दुर निवासी जगदीश यादव 85 वर्ष का आकस्मिक निधन 25 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे लकेश्वर यादव, राजकुमार यादव, अमरिका एवं भोजबती यादव के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



### मंजुलाबेन राजा

**दुर्ग।** पद्मानाभपुर निवासी मंजुलाबेन पति धीरजलाल राजा (82 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे गुजराती लोहाणा समाज दुर्ग के अध्यक्ष राजेशभाई, कमलेशभाई और भूमिका महेन्द्र राडिया की मां थीं।



पटवारी, आरआई, स्थल जांच, इश्तहार आदि सब जमा, फिर भी पेशी पर पेशी

# पेशी के लिए 160 किलोमीटर का सफर अब 19वीं पेशी, आफसरशाही का खामियाजा

**नायब तहसीलदार 31 मार्च को सेवानिवृत्त होंगे, 30 मार्च को 19वीं पेशी का फरमान जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जामगांव आर

राजस्व विभाग उपतहसील जामगांव आर में किसान किसानी प्रकरणों की पेशी दर पेशी वाले आधिकारिक रवैए से थर्राने लगे है। समीपस्थ ग्राम बेलहारी का किसान रोमलाल साहू जीवकोपार्जन की दृष्टि से राजनांदगांव अस्थाई निवास 80 किलोमीटर दूर पर रहते है। मार्च 2025 में प्रारंभ पेशी 18 पेशियो का सफर करते हुए मार्च 2026 तक पहुंच गई और प्रत्येक बार आप डाउन 160 किलोमीटर की यात्रा राजस्व विभाग की उदासीन अफसर शाही रवैये की भेंट चढ़ गई है। अपेक्षित सभी दस्तावेज जमा भी करा लिए गए लेकिन पेशी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिम्मेदार विभाग की गैर जिम्मेदाराना रवैया आम चर्चा का विषय बनने लगा।



### सारे रिकॉर्ड जमा फिर भी पेशी दर पेशी

राजस्व विभाग से त्रस्त किसान रोमलाल साहू ने बताया कि ग्राम बेलहारी आर पटवारी हल्का नंबर 55 तहसील पाटन जिला दुर्ग के अंतर्गत आवेदक रोमलाल साहू पिता स्वर्गीय रंजीत साहू का कृषि संबंधी प्रकरण क्रमांक 20250104900008 है। नायब तहसीलदार जामगांव आर मे पेशी मार्च 2025 से पेशी प्रारंभ हुई 25/03/2026 बुधवार को 18 वीं पेशी थी। 80 किलोमीटर दूर से आया किसान और फिर पेशी की तारीख मिल गई। राजस्व विभाग से त्रस्त किसान रोमलाल साहू ने बताया कि पिताजी स्व रंजीत साहू/पुरुषोत्तम साहू ने 26/03/1968 को कृषि भूमि सुगनचंद /रतनचंद जैन ओसवाल से ख़रीदी थी। जिसमे तीन खसरा नंबर क्रमशः 424/7, 424/9 और 424/12 है जिसमे दो खसरा का ऑनलाइन रिकार्ड दर्ज है एक नहीं है। जो पूर्व से ही छूट गया है जो अन्य किसी अनजान व्यक्ति के नाम से चला आ रहा है। जिसके खसरा नंबर 424/9 है। शुरू से हम इसमें काबिज है धान चना गेहूं आदि फ़सल लेते आ रहे है। नायबतहसील द्वारा चाही गईं समस्त जानकारी जैसे रिकार्ड पटवारी, आरआई ,स्पाट निरीक्षण काश्त काबिज की जानकारिया, गवाही, पेशी और इश्तेहार आदि जानकारी उक्त भूमि मे किसी को कोई आपत्ति भी नहीं है। इसके बाद भी पेशी दर पेशी बुलाया जा रहा है आखिर इसे क्या समझा जाए।

### 31 मार्च को रिटायर होंगे साहब किसान को पेशी 30 मार्च की मिली

नायब तहसीलदार धर्मेंद्र श्रीवास्तव 31 मार्च को सेवानिवृत हो रहे हैं। किसान को 30 मार्च 2026 की पेशी में आना है। लगता है साहब तो रिटायर हो जाएंगे और यह प्रकरण अतिरिक्त तहसीलदार ममता टावरी की कोर्ट में चलेगा। यदि ऐसा हुआ तो प्रकरण को देखने वाले तीसरे नायब तहसीलदार होंगे और ना जाने पेशी किस तूफानी चाल से चलेगी। इस प्रकरण की जानकारी एसडीएम लवकेश ध्रुव को भी बुधवार को दे गई एसडीएम ने प्रकरण को देखता हूं का आश्वासन दिए हैं।

### राजस्व विभाग भ्रष्ट आम धारणा बदलने अफसर भी मंत्री का साथ दें

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने हाल ही में कहा था लोग मानते है कि राजस्व विभाग भ्रष्ट है,हम धारणा को बदलने का प्रयास कर रहे है। लेकिन राजस्व मंत्री की धारणा बदलने के प्रयास को असफल करने में अधिकारी कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। क्योंकि भ्रष्टाचार धन लेन देन तक ही सीमित नहीं होता। प्रकरण में पेशी दर पेशी परेशान करना भी भ्रष्ट आचरण की परिधि में ही आता है।

### लापरवाह विभाग पर नकेल कसे सरकार तब जनता को राहत मिलेगी, प्रशासन से बंधी है उम्मीदें

पेशी दिवस पर अधिकारी अन्यत्र प्रवास पर रहे तो पेशी की सूचना फोन से पक्षकार को देने का आग्रह विगत महीने अतिरिक्त तहसीलदार ममता टावरी से किया गया था, आश्वासन भी मिला था। इसके बावजूद यह कोरा आश्वासन ही रह गया और किसान रोमलाल साहू अपने अस्थाई निवास राजनांदगांव से 80 किलोमीटर दूरी तयकर उपतहसील जामगांव आर पहुंचे। नायब तहसीलदार धर्मेंद्र श्रीवास्तव नहीं मिले और रीडर श्री सिन्हा ने 30 मार्च की पेशी देकर कर्तव्य का इतिश्री कर लिए। इस प्रकार किसान 160 किमी की यात्रा करने राजस्व विभाग की लापरवाही के कारण करने विवश हो गया।किसान की हमदर्दी भाजपा किसान के इस दर्द को समझे और गैर जिम्मेदार विभाग पर नकेल कसे तब जनता को राहत मिल पाएगी।

## झेरिया धोबी समाज के वार्षिक सम्मेलन में हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन



निकटवर्ती ग्राम भिंभौरी के झेरिया धोबी समाज का वार्षिक सम्मेलन विगत दिनों संम्पन्न हुआ। कार्यक्रम सुबह 9:00 बजे झेरिया धोबी समाज भिंभौरी परिक्षेत्र के अध्यक्ष शशि प्रकाश निर्मल, उपाध्यक्ष डागेश्वर निर्मल, सचिव टीकाराम निर्मल, कोषाध्यक्ष पंचराम निर्मल, उपकोषाध्यक्ष परमेश्वर निर्मल एवं श्री चंद्रशेखर परगनिहा सरपंच ग्राम पंचायत हसदा एवं सभी स्वजातीय बन्धु के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इसके पश्चात चुनाव का कार्यक्रम संपन्न कराया गया जिसमें सभी गांव के कार्यकारिणी सदस्य का चयन किया गया तत्पश्चात पदाधिकारियों का चुनाव कराया गया। जिसमें सर्वसम्मति से शशि प्रकाश निर्मल को पुनः अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुना गया। अध्यक्ष शशि प्रकाश निर्मल के द्वारा अन्य पदाधिकारीयो का मनोनयन किया गया। जिसमें डागेश्वर निर्मल उपाध्यक्ष, टीकाराम निर्मल महासचिव, पंचराम निर्मल कोषाध्यक्ष, परमेश्वर निर्मल उप कोषाध्यक्ष, संजय निर्मल संगठन मंत्री खिलेश निर्मल सचिव मोहन निर्मल को प्रवक्ता, विश्वनाथ निर्मल उपसचिव, भूखन निर्मल को महामंत्री एवं चमेली निर्मल को महिला अध्यक्ष, उषा निर्मल उपाध्यक्ष, सोहद्रा निर्मल सचिव , रामकली निर्मल उपसचिव, प्रतिभा निर्मल नीरा निर्मल और प्रमिला निर्मल को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। इसके पश्चात में वरिष्ठजनों (सियान) का सम्मान किया गया जिसमें नंदकुमार निर्मल कपसदा, राम रतन निर्मल ओटेबंद, कृपाराम निर्मल गुधेली, शंकर लाल निर्मल बोरसी, होलसिंह निर्मल हरदी, धनीराम निर्मल भिंभौरी, तेजराम निर्मल नेवनारा, बंसीनिर्मल दौर विष्णु निर्मल पाहरा, शैलकुमार गाडामोड़, पंचराम निर्मल सांकरा, भूखराम कुम्ही, मनाराम निर्मल खुडमुडी,भूखनराम निर्मल हसदा, पुनाराम भिंभौरी और पुनऊ गाडामोड़ का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रजक कार बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद रजक एव जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि योगेश तिवारी शामिल है।



## योग आयुर्वेद और पंचकर्म पद्धति का लाभ मिला ग्रामीणों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

गायत्री मंदिर परिसर पाटन में 5 दिवसीय योग आयुर्वेद पंचकर्म प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पाटन ब्लॉक स्तरीय पतंजलि योग समिति एवं गायत्री शक्तिपीठ पाटन के तत्वाधान में शिविर का समापन मंगलवार को हुआ। यहां श्रृंगी, कांसा ,जानो ,कांसा बर्तन,कपलिंग,जोंक,एक्यूप्रेशर और कपिंग थेरेपी आदि से उपचार चिकित्सा हुई।

समापन समारोह में अतिथि पतंजलि योग समिति दुर्ग जिला प्रभारी नरेंद्र पटेल, संगठन मंत्री डॉ श्रीनिवास राव, कोषाध्यक्ष राजेश तिवारी ,युवा भारती राज्य प्रभारी जयंत भारती , युवा प्रभारी धीरेंद्र वर्मा और ब्लॉक संरक्षक आसकरण जैन मंचासीन रहे। पतंजलि योग जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने कहा कि दो पल की जीवन में स्वर्णिम इतिहास बनाए। पंच तत्व से निर्मित शरीर की स्वस्थता के लिए प्रकृति के अनुरूप दिनचर्या बनाए स्वस्थ रहे मस्त रहे फिर देखे बीमारियां पास भी ना आए। और यदा कदा आ भी गए तो उपचार के साइड इफेक्ट से बचने और स्वस्थ होने के लिए प्राकृतिक , योग एवं आयुर्वेद चिकित्सा अपनाएं।

### प्रशिक्षक स्वयं स्वास्थ्य रोल मांडल बने

संगठन मंत्री श्रीनिवास राव ने कहा कि शरीर में आने वाले विकारों को बाहर करने में प्राकृतिक योग आयुर्वेद चिकित्सा स्वर्णिम अवसर प्रदान करती है। स्वास्थ धन जीवन में सर्वोपरि है। संचालन पंच राम साहू ने किया। शिविर को सफल बनाने में योगाचार्य रामावतार चंद्राकर,महेंद्र साहू,रुपेश कुमार, ओकेश्वरी साहू,डॉ रश्मि मिश्रा, सुनीता धीवर,पिंकी साहू,आशा साहू,पंचराम साहू,राजेश ताम्रकार घनश्याम सिन्हा,किशन कुमार और उमेश पटेल की भूमिका सराहनीय रही।

**बिजनेस साइट**

### ओम ज्वेलर्स मे आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट



**भिलाई।** इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64b, प्रिया सिंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम (रेड एंड व्हाइट कलर) के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट मिल रही है। यहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना लेंगे उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनो की शॉपिंग पर विशेष डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग दिया जाएगा। ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए उनको धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी शॉप में हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का huid कोड वाले जेवर उपलब्ध हैं। इन गहनों की वापसी पर कोई भी काट छाट नहीं होती। इतना ही नहीं हां सबसे कम मेकिंग चार्ज लिया जाता है। यहां हर फैमिली के लिए उनके बजट के अनुरूप गहने उपलब्ध हैं। यहां सोने का हार चोकर नेकलेस, से लेकर सोने की अंगूठी, झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स जैसी हर वजन की वरायटी उपलब्ध है। यहां पायलों की विस्तृत रेंज, करधन, बैंगल्स, हाथफूल, बिछिया व चैन लॉकेट की काफी बड़ी रेंज उपलब्ध है।

### होरी ऑटो गैरेज में बीएस-6 वाहनों की रिपेयरिंग सुविधा उपलब्ध



**भिलाई।** कृष्णा टॉकीज रोड, प्रगति नगर, रिसाली में संचालित होरी ऑटो गैरेज दोपहिया वाहनों की सर्विसिंग और रिपेयरिंग के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहा है। प्रोपराइटर होरी लाल बंजारे के नेतृत्व में गैरेज में एक्टिवा, प्लेजर, बजाज पल्सर, होंडा शाइन, जुपिटर और अन्य स्कूटी-बाइकों की सर्विसिंग और मरम्मत की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध है। गैरेज की खासियत यह है कि यहां पुराने वाहनों की माइलेज को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे ग्राहक कम खर्च में बेहतर परफॉर्मेंस हासिल कर सकें। साथ ही इंजन रिपेयर, ऑयल चेंज, बैटरी चार्जिंग, शॉकर रिपेयर और एवरेज सेटिंग जैसी सेवाएं प्रोफेशनल तरीके से दी जा रही हैं। वर्तमान में बीएस-6 वाहनों की रिपेयरिंग सुविधा शुरू किए जाने से गैरेज की सेवाओं का दायरा और बढ़ गया है, जिससे नए मॉडल के वाहनों के मालिकों को भी स्थानीय स्तर पर ही विशेषज्ञ सेवा मिल पा रही है। स्थानीय स्तर पर किफायती दरों और भरोसेमंद सर्विस के चलते होरी ऑटो गैरेज ग्राहकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और क्षेत्र के ऑटोमोबाइल सर्विस सेक्टर में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

### खालसा पब्लिक स्कूल में शहीदों को नमन, सेमिनार में हुई चर्चा



**दुर्ग।** श्री गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा खालसा पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित सेमिनार में शहीद भगत सिंह के विचारों को आधुनिक भारत के लिए बौद्धिक पूंजी के रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कनक तिवारी ने कहा कि भगत सिंह ने अपने अल्प जीवन में वैश्विक चिंतन को आत्मसात कर स्वतंत्र भारत के लिए वैचारिक आधार तैयार किया, जो आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट कर मानवता की दिशा में आगे बढ़ाने का संदेश आज के दौर में और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। भगत सिंह के विचारों को दीर्घकालिक सामाजिक और बौद्धिक निवेश बताते हुए उन्होंने इन्हें भविष्य निर्माण की आधारशिला बताया। प्रो. डॉ. जयप्रकाश ने भगत सिंह की अध्ययनशीलता और चिंतनशीलता को देश के विकास के लिए मार्गदर्शक बताया, वहीं अन्य वक्ताओं ने भी शहीदों के योगदान को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खालसा एजुकेशन सोसायटी के चेयरमेन सरदार त्रिलोक सिंह ढिल्लो ने महाविद्यालय की लाइब्रेरी को भगत सिंह साहित्य से समृद्ध करने की घोषणा की। कार्यक्रम से पूर्व शहीद चौक पर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। दूसरे सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न कवियों और साहित्यकारों ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

### नवरात्र पर मां के मंदिरों में पहुंचे चैतन्य



**पाटन।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल नवरात्र पर मां के विभिन्न मंदिरों में पहुंचे।ग्राम सोनपुर में स्थित जय ज्वाला मां मंदिर में उन्होंने पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि, खुशहाली शांति की मंगलकामना की। इस दौरान पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा,विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू,जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस,दिनेश साहू जनपद सदस्य, मोहन महराज, ढालसिंह चक्रधारी, कपिल मिश्रा,बंशी चक्रधारी, चोवा साहू, बृजेश मिश्रा,चोवाराम सिन्हा, तोरण सिन्हा, डा राजू साहू,भरोसा निषाद, मंथीर निषाद और डेरहा राम जांगड़े, रश्मि भेदप्रकाश वर्मा जनपद सदस्य, हेमलाल सोनकर उपसरपंच, भविष्य जैन,आयुष टिकरिहा, अंकित साहू, सोमेश्वर ठाकुर और पाठक आदि उपस्थित थे। धर्म नगरी ग्राम कौही के काली मंदिर में आस्था की ज्योति भक्तों द्वारा प्रज्वलित की गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा प्रत्येक नवरात्रि में ज्योति प्रज्वलित करवाई जाती है।

## अंचल की खबरें

### चैत्र नवरात्रि में आस्था का केंद्र बना शीतला दरबार



**अंडा।** ग्राम पंचायत चिंगरी स्थित प्रसिद्ध शीतला दरबार में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। यहां बैगा सालिक राम निर्मलकर के मार्गदर्शन में 39 ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं, जो क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बने हुए हैं। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन माता शीतला की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। सुबह-शाम आरती और भजन-कीर्तन से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। दूर-दूर से श्रद्धालु माता के दर्शन करने पहुंच रहे हैं और मनोकामनाएं मांग रहे हैं। इस अवसर पर बैगा सालिक राम निर्मलकर ने बताया कि ज्योति कलश स्थापना से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की जाती है। श्रद्धालुओं में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर परिसर में व्यवस्था को लेकर भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है, जिससे दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ है और हर ओर 'जय माता दी' के जयकारे गूंज रहे हैं।

### हर्षोल्लास के साथ मनाई भक्त कर्मा माता जयंती



**अंडा।** ग्राम चिंगरी में साहू समाज द्वारा भक्त कर्मा माता जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस दौरान भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भक्ति भाव में लीन रहे। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस आयोजन में समाज के अध्यक्ष डोमन लाल साहू, डा. नेमलाल साहू, अलख राम साहू, मालिक राम साहू, डॉ. केएल दिल्लीवार, बीएन भरद्वाज, रेखलाल पटेल, मोहन दिल्लीवार, भारती साहू, पुर्णिमा साहू, चन्द्रहांस साहू, बाला राम साहू, सुखनंदन साहू, पोषण साहू सहित साहू समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



**पाटन।** विश्व टीबी दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाटन में टीबी मरीजों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना तथा मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना था। शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त किया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने कहा कि किसी भी बीमारी को हल्के में नहीं लेना चाहिए और प्रारंभिक लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने से बीमारी गंभीर रूप ले सकती है, इसलिए समय पर जांच और उपचार अत्यंत आवश्यक है। शिविर के दौरान मरीजों की जांच, दवा वितरण और आवश्यक परामर्श निःशुल्क प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने टीबी के लक्षण, बचाव एवं उपचार की जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया। साथ ही मरीजों को नियमित दवा सेवन और पोषण का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई। इस अवसर पर नगर पंचायत की उपाध्यक्ष निशा सोनी, सभापति केवल देवांगन, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी बी. कठोतिया, बीपीएम पूनम साहू, एपीएस इंदु अमरीश सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में मरीज उपस्थित रहे।

### टीबी मुक्त भारत अभियान का दूसरे चरण शुरू

**धमधा।** विश्व क्षय दिवस के अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ धमधा में किया गया। यह अभियान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के दिशा-निर्देश एवं जिला क्षय नियंत्रण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का नेतृत्व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रचना अग्रवाल द्वारा किया गया। अभियान का शुभारंभ नगर पंचायत धमधा के उपाध्यक्ष बृजेंद्र दानी एवं पार्षद लक्ष्मी नारायण यादव के करकमलों से हुआ।

### श्रद्धालुओं के व्रत खोलने की गई फलाहारी व्यवस्था



**भिलाई।** नवरात्रि पर सेक्टर-2 स्थित न्यू आजाद गणेश समिति द्वारा भजन संध्या और फलाहारी प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। पर पूर्व पार्षद सीनू और गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में व्रतधारी श्रद्धालुओं के लिए रात्रि में व्रत खोलने विशेष फलाहारी व्यवस्था की गई। रविवार की शाम से ही गणेश पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष और बुजुर्ग, जो पूरे श्रद्धाभाव से नवरात्रि का व्रत रखे हुए थे, इस आयोजन में शामिल हुए। सबसे पहले श्रद्धालुओं ने फलाहार ग्रहण कर अपने व्रत का विधिपूर्वक पारण किया, इसके बाद भजन संध्या में भाग लेकर मां दुर्गा की आराधना में लीन हो गए।सोनाली सेन और उसकी साथियों द्वारा प्रस्तुत मधुर भक्ति गीतों नेसमां बांधा। पूरा पंडाल जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। इस आयोजन को दुर्ग जिले में अपनी तरह का पहला और अनोखा प्रयास माना जा रहा है, जहां धार्मिक आस्था के साथ-साथ व्रतधारियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### शादी में जा रहे दो लोगों की सड़क हादसे में मौत

**धमधा।** शादी में जा रहे दो लोगों की सड़क हादसे मौत हो गी। मामले में पुलिस ने बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। धमधा थाना प्रभारी रामनारायण ध्रुव ने बताया कि ग्राम गिरहोला नंदिनी निवासी हरिशचंद्र यादव,ग्राम खमतराई बेरला पीतांबर उर्फ भोले बरहापुर से शादी में शामिल शामिल होने जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार लक्ष्मी ट्रेवल्स की बस ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हरिशचंद्र और पीतांबर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जांच में पुलिस जुटी हुई है। दोनों के शव को पुलिस ने पीएम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी परिजनों को लगने पर रो-रोकर बुरा हाल है।

### चार सटोरियों पर पुलिस ने की कार्रवाई



**भिलाई।** चार सटोरियों को पुलिस ने पकड़ा है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-5 क्रॉस स्ट्रीट 4 के पास मंच के समीप अवैध रूप सट्टापट्टी लिखे जाने की शिकायत मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने दबिश देकर चार सटोरिया शांति नगर सुपेला, भिलाई निवासी संजय सेनापति, सेक्टर 5 संतोष कुमार चौहान, सेक्टर 4 दिनेश कुमार नेहरु नगर ईस्ट मनीष को पकड़ा गया। सटोरियों से पुलिस ने नगद, मोबाइल जब्त किया है। सामानों की कीमत 43 हजार रुपए आंकी गई है।

### तेज रफ्तार में चलाया कार, पुलिस ने चालक को किया गिरफ्तार

भिलाई। तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई किया है। घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर 9 स्थित अस्पताल सी-3 ग्राउंड, सड़क 15 के पास कार चालक द्वारा वाहन को तेज, लापरवाही पूर्वक चलाते हुए खतरनाक ढंग से कट मारा। जिससे हादसा हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने जयंती नगर ददुर्ग निवासी वैभव सोनीको पकड़ा गया। उसकी कार सीजी 04 पीआर 8910 को भी जब्त किया गया है। ट्रैफिक पुलिस ने अपील किया है कि वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें एवं तेज लापरवाहीपूर्वक वाहन न चलाएं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व रंगमंच दिवस पर विशेष : नाटक में अलखनंदन, हबीब व सफदर हाशमी का दिखा था जादू

# जब ऐतिहासिक मेगा नाटक में दिखी औद्योगिक तीर्थ के सभी रंगकर्मियों की अभिनव अभिनय अदायगी

**भिलाई में हफ्तेभर में तैयार प्रेमचंद के मोटेराम का सत्याग्रह का नेहरु हाउस में तीस साल पूर्व हुआ था यादगार मंचन**

विमल शंकर झा ▶▶| भिलाई

*अपनी फौलादी चमक से देश दुनिया को आलोकित करने वाले औद्योगिक तीर्थ के रंगमंच की भी देशभर में धूम रही है। भिलाई के कलाकार छालीवुड से लेकर बालीवुड तक अपनी कलात्मक प्रतिभा का जादू दिखा रहे हैं। यहां के रंगकर्मियों के नाटकों के प्रख्यात रंग निर्देशक अंजन श्रीवास्तव से लेकर बाबा कारंत तक मुरीद रहे हैं। लोगों को यह जानकर सुखद आश्चर्य हो सकता है कि आज से तीस साल पूर्व विश्व रंगमंच दिवस पर जुनूनी रंगकर्मियों द्वारा एक ऐसा ऐतिहासिक मेगा नाटक तैयार कर यादगार मंचन किया गया था, जो कई दृष्टि से ऐतिहासिक और अनूठा था। लेकिन पुरजोर फरमाईश के बाद भी प्रेक्षक इसे दोबारा देखने के लिए तरस गए। नाटक में अभिनय करने वाले ट्विनसिटी के कलाकारों के जेहन मे वर्षों बाद भी इसकी यादें तरोताजा हैं।*

इस्पातनगरी में रंगमंच की फीकी पड़ती चमक के दौर में कलाकारों के समर्पण के साथ उनके कुछ जहीन नाटक सुनहरे अतीत की याद दिला रहे हैं। मध्यभारत में रंगकर्मियों व नाटकों की नर्सरी के रुप में प्रसिद्ध भिलाई में क्लासिक नाटकों के दौर में तैयार 90 के दशक में एक ऐसा प्रसिद्ध नाटक तैयार किया गया था,जो अपने पैगाम, मंचन और सांझी मशक्कत व सांझी विरासत के लिए सालों बाद आज भी प्रासंगिक है बल्कि रंग जगत में एक नजीर बना हुआ है। राजनीति और धर्म के गठजोड़ को उजागर करने वाले कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद रचित कहानी पर आधारित मोटेराम का सत्याग्रह नामक नाटक का नाट्य रुपांतरण सुप्रसिद्ध रंगकर्मी हबीब तनवीर और सफदर हाशमी ने किया था। ट्विनसिटी के रिकार्ड कलाकारों द्वारा बड़े बैनर पर तैयार इसके निर्माण की कहानी जितनी रोचक है,मंचन की दास्तां भी उतनी ही प्रेरक है। इप्टा के राष्ट्रीय सचिव राजेश श्रीवास्तव बताते हैं कि 90 के दशक में जब भिलाई का रंगमंच अपने पूरे शबाब पर था तो हम सभी रंगकर्मियों ने सोचा कि क्यों न वृहद स्तर पर कोई ऐसा यूनिक नाटक तैयार किया जाए, जो संदेशपरक होने के साथ शहर की सामूहिक रंगमंचीय प्रतिभा भी दिखाए। नेहरु सांस्कृतिक भवन में मार्च 1991 में आयोजित नाट्य कार्यशाला में मोटेराम का सत्याग्रह नाटक तैयार करने के लिए नामचीन रंगनिर्देशक अलखनंदन को भारत भवन भोपाल से बुलाया गया और भिलाई दुर्ग के कलाकारों के अथक जुनून से ऐसी प्रस्तुति तैयार हुई, जिसकी चर्चा भिलाई से भोपाल तक रही। विश्व रंगमंच दिवस पर इसका यादगार मंचन भी खचाखच भरे नेहरु हाउस मे किया गया था। नाटक कई माएने में यादगार था।

यह पहला नाटक था, जिसमें भिलाई के सभी नाट्य संस्थाओं के 50 से अधिक कलाकारों ने अपना सर्वोत्कृष्ट दियया था। चाय समोसा खाकर देर शाम तक जीवंत किरदार के लिए सभी ने खूब मेहनत की। इप्टा, बीकेपी,मुखौटा,रंगदर्शनी, दृष्टिकोण, क्षितिज रंग शिविर और अभियान सहित दर्जनभर नाट्य ग्रुपों के वरिष्ठ व युवा रंगकर्मियों ने अविस्मरणीय अभिनय किया था। मोटेराम का अनशन तोड़वाने वाले राजनीतिक दल के कार्यकर्ता का चरित्र इप्टा के राजेश श्रीवास्तव व मोटेराम की भूमिका विभाष उपाध्याय ने निभाई थी। रंगदर्शिनी की रजनीश झांझी मजिस्ट्रेट, निखिल पाठक जोहरा बाई,, ललित उपाध्याय जासूस,रामायण चंदा धोबी, सुरेश गोंडाले व एके मजूमदार, शैलेश साव नेता, बसंत ठमके, मिर्जा मसूद बेग, एके मजूमदार, अरुण पाल, आफिसर, साहूकार व आफिस ब्याय आदि की सजीव भूमिका में थे। वाजिद आली वाईसराय और नीलिम रथ पंडिताईन व मिनी झंझी सब्जीवाली बनी थीं। दीपक तिवारी व नीलिमा तिवारी के गीतों का जादू था।







**जुनून का प्रतीक : ललित**

ललित उपाध्याय बताते हैं स्वर्णिम दौर में अलखनंदन के निर्देशन में नाटक सभी दृष्टि से क्लासिक था सभी जीवंत किरदार जीवंत जुनून के प्रतीक थे।

### सुनहरे दौर का साझा शाहकार था नाटक : कौशल उपाध्याय



इतने अधिक कलाकारों के अभिनय और अलखनंदन जैसे प्रसिद्ध निर्देशक के निर्देशकीय कौशल और प्रेमचंद का हबीब तनवीर व सफदर द्वारा रुपांतरित नाटक मोटेराम का सत्याग्रह के मंचन को लेकर भिलाई दुर्ग के नाट्यप्रेमियों में भारी उत्सुकता थी। और जब इस नाटक का खचाखच बरे नेहरु हाउस मंचन हुआ तो बैठे व खड़े दर्शक भावविभोर हो गए। बेहतर प्रस्तुति देख इसे कलाकारों ने बाहर मंचन के बारे में भी सोचा लेकिन फिर से इतने अधिक कलाकारों को एकजुट करना संभव नहीं हो सका। रंग निर्देशक कौशल उपाध्याय बताते हैं कि मोटेराम का मेरा किरदार ही नहीं सभी कलाकारों की भूमिका में मेहनत, स्पर्धा व टैलेंट दिखा था। नाटक भिलाई के स्वर्णिम दौर का शाहकार है। निखिल बताते हैं कि न ना करते हुए मुझे जोहरा बाई के डांस के लिए अलखनंदन ने घंटों नचवाया था। नाटक प्रासंगिक, संदेश के साथ कलाकारों का गुलदस्ता होने से सालों तक लोगों को याद है। शोले की तरह हर किरदार बेहतरीन था।

### डायरेक्टर ने कटवा दीं राजेश की मूंछें

नाटक इतना रोचक था कि यहां के नाट्यप्रेमियों के साथ भोपाल के डायरेक्टर अलखनंदन से लेकर बंबई इप्टा में मोटेराम की भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध रंगमंच व फिल्म कलाकार अंजन श्रीवास्तव तक ने प्रशंसा कर बाहर भी मंचन के लिए प्रेरित किया। लेकिन काफी प्रयास के बाद भी इस क्लासिक प्ले दर्शकों को दोबारा देखने का सौभाग्य नहीं मिल सका।



सिविल आफिसर की भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ रंगकर्मी राजेश श्रीवास्तव बताते हैं कि दोबार मंचन के लिए डायरेक्शन कौन करेगा व मंचन के संसाधनों को लेकर पहले जैसा पैसन भी नहीं दिखा। क्योंकि सभी प्रतिभागी ग्रुपों में बड़े डायरेक्टर थे, जिनमें निर्देशन को लेकर एकराय नहीं थी चुनौती यह थी कि अलखनंदन व पहली प्रस्तुति से बेहतर होगा कि नहीं । नाटक की कहानी यह थी कि भारत में वायसराय आने के पहले चल रही हड़ताल को प्रशासन नेता तोड़वाना चाहते हैं। जब सभी अपने अपने ढंग से प्रयास करते हैं और सफल नहीं होते तो राजनीतिक दल के कार्यकर्ता का किरदार निभाने वाले राजेश श्रीवास्तव पंडित मोटेराम को बहकाता हैं और रात में भूख लगने पर चालाकी से मिठाई खिलाकर अनशन तोड़वा देता है। श्री श्रीवास्तव बताते हैं कि उनके राजनीतिक कार्यकर्ता व आफिसर के डबल रोल के लिए डायरेक्टर ने उनकी दाढी मूंछ सफाचट करवा दी थी। अच्छे अभिनय के लिए सभी ने खूब मेहनत की थी।

## नूतन चौक भिलाई 3 में चल रहा था लंबे समय से जुआ, पांच जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ आरोपियों से 2 लाख 8 हजार 600 रुपए बरामद

लंबे समय से भिलाई तीन में जुआ चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के पास से पुलिस ने नगदी 1.67 लाख 600 रुपए जब्त किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि नूतन चौक भिलाई 3 के शिव मंदिर के पास पैसे का हार-जीत का दांव चल रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने दबिश देकर नूतन चौक भिलाई 3 निवासी राजेश कुमार सचदेव,धर्मेश सोनी, खुर्सीपार रवि बिसाई, दंतेश्वरी मंदिर चौक ग्राम देवबलौदा मानसिंग यादव. बालाजी नगर खुर्सीपार मोहन साहू को पकड़ा गया। जुआरियों के पास से पुलिस ने सट्टापट्टी पर्ची, डायरी, रजिस्टर, 6 मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, डॉट पेन, नगदी रकम जब्त किया गया। सामानों की कीमत 2.8 लाख 600 रुपए बरामद किया है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 06, 07 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम एवं धारा 112 बीएनएस के तहत कार्रवाई किया है। जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## जेके लक्ष्मी प्रबंधन पर लटकी कार्रवाई की तलवार विधानसभा में वैशालीनगर विधायक ने उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ लाखों शेयर होल्डर की मेहनत की कमाई पर गहरा रहा संकट

जेके लक्ष्मी सीमेंट प्रबंधन और अहिरवारा नगर पालिका प्रशासन के बीच खींचतान का मुद्दा विधानसभा तक पहुंच गया है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने विधानसभा सत्र में प्रदेश में औद्योगिक घरानों द्वारा की जा रही नियमों की अनदेखी और प्रशासनिक मिलीभगत को लेकर मुद्दा उठाते हुए साल पूछे। उनके ध्यानाकर्षण पर सरकार द्वारा दिए गए जवाब ने यह स्पष्ट कर दिया है कि दुर्ग जिला अंतर्गत मलपुरी खुर्द स्थित जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड ने बिना वैधानिक भवन अनुज्ञा प्राप्त किए ही बड़ा निर्माण कार्य कराया है। इससे उनके ऊपर कभी भी बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

विधानसभा में विधायक सेन के सवाल का उत्तर देते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्वीकार किया कि जेके लक्ष्मी सीमेंट ने नगर तथा ग्राम निवेश विभाग और संबंधित निकाय से अनिवार्य भवन अनुज्ञा प्राप्त नहीं की है। नियमानुसार, बिना भवन अनुज्ञा के किसी भी प्रकार का स्थायी निर्माण अवैध निर्माण की श्रेणी में आता है।

सेन ने विधानसभा में बताया कि किसी भी औद्योगिक समूह द्वारा बिना अनुमति के निर्माण कार्य पूर्ण कर लेना सीधे तौर पर शासन के नियमों को चुनौती देना है।उन्होंने इस धांधली से राज्य शासन को होने वाली राजस्व हानि का मुद्दा उठाया। हालांकि प्रशासन ने वर्तमान में राजस्व हानि की गणना करने में असमर्थता जताई है। इससे स्पष्ट है कि अनुमति प्रक्रिया का पालन न करने से पालिका व शासन को बड़े शुल्क का नुकसान हुआ है। नगर पालिका परिषद अहिवारा द्वारा नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 187 के तहत कंपनी को नोटिस जारी किया गया है। सीएमओ अंकुर पाण्डेय का कहना है कि उन्होंने उच्चाधिकारियों से इसमें मार्गदर्शन मांगा है। उनके निर्देश पर आगे नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि जिस तरह से जेके प्रबंधन अपनी मनमानी कर रहा है उससे उनकी कंपनी में शेयर के रूप में लगे लाखों लोगों की मेहनत की कमाई भी बर्बाद हो रही है।

## एआई आधारित एक्स-रे व सोनोग्राफी मशीन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ विधायक प्रतिनिधि के रूम शामिल हुए मीनाक्षी चंद्राकर

विश्व टीबी दिवस के अवसर पर रुआबांधा सेक्टर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी मुक्त भारत अभियान 2.0 के अंतर्गत 100 दिवसीय अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि के रूप में विधायक ललित चन्द्राकर की पत्नी मीनाक्षी चंद्राकर शामिल हुई।

इस अवसर पर एआई तकनीक से युक्त अत्याधुनिक एक्स-रे मशीन और सोनोग्राफी मशीन का पूजा-अर्चना के साथ उद्घाटन करते हुए टीबी मुक्त भारत अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। नई सुविधाओं से मरीजों को त्वरित, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण जांच मिलेगी। साथ ही समय पर टीबी की पहचान, तत्काल जांच और तुरंत उपचार की राह आसान होगी। वहीं गर्भवती महिलाओं की जांच कराने में भी अब विशेष सुविधा होगी। मीनाक्षी चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत संकल्प को साकार करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। 100 दिवसीय अभियान में घर-घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान, शीघ्र जांच और पूर्ण उपचार हमारा लक्ष्य है। डॉ. देवेंद्र बेलचंदन बीएमओ ने बताया कि नई एआई आधारित एक्स-रे मशीन से छाती के एक्स-रे की सटीकता व गति दोनों बढ़ेंगी, जिससे टीबी की समय पर पहचान आसान होगी। समुदाय, मितानिन बहनों और स्वास्थ्य टीम के सहयोग से इस अभियान को लक्ष्य तक ले जाएंगे। इस अवसर पर पार्षद सारिका साहू, प्रेमचंद साहू, राकेश त्रिपाठी, विनोद जैन, मीनू निषाद, डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और मितानिन बहनें उपस्थित थे।

### स्वप्निल रुमिता जाना को मिली पीएचडी की उपाधि

**भिलाई।** स्वप्निल रुमिता जाना को शिक्षा में पीएचडी की उपाधि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई।



उनका शोध प्रबंध ऑटिस्टिक बच्चों का व्यवहार परिवर्तन और शैक्षणिक उपलब्धि शीर्षक से था। इस शोध कार्य का मार्गदर्शन डॉ. वि.सुजाता, डॉ. अर्निबान चौधरी और सह मार्गदर्शक के रूप में डॉ.अनिर्बन चौधरी रहे। वर्तमान में वे भिलाई स्थित प्रिज्म कॉलेज में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं।

## भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने की बीएसपी में ओवरलोड परिवहन पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने भिलाई इस्पात संयंत्र के अंदर ओवरलोड परिवहन पर रोक लगाने की मांग की है। यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य महाप्रबंधक से मिलकर असुरक्षित परिवहन को नियंत्रित करने और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की। यूनियन ने ओवरलोडिंग वाहनों पर रोक और वाहनों को आवाजाही की अनुमति रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर के अनुसार ही देने और हर ट्रक व हाईवा में चालक के साथ एक हेल्पर की उपस्थिति अनिवार्य किए जाने पर जोर दिया। संयुक्त महामंत्री वशिष्ठ वर्मा ने ठेका मजदूरों को भी सेफ्टी हेल्मेट प्रबंधन द्वारा प्रदान व सेक्टर 1 क्रिकेट मैदान में प्रकाश व्यवस्था व कूलर की व्यवस्था कराने की मांग की। प्रतिनधि मंडल मे सीजीएम ने अधिकारियों से चर्चा कर समाधान का आश्वासन यूनियन को दिया है । बैठक में मजदूर संघ के उपाध्यक्ष आईपी मिश्रा सहित विनोद उपाध्या, दिल्ली राव, हरिशंकर चतुर्वेदी, शारदा गुप्ता व आरके सोनी शामिल थे।

**बच्चों के मानसिक सुरक्षा को दी जा रही है प्राथमिकता**

## डीडब्ल्यूपीएस चरोदा में शिक्षा का नया मॉडल, रटने नहीं बल्कि कौशल पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई





डीडब्ल्यूपीएस चरोदा स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया मॉडल पेश किया है, जहां अब केवल अंकों पर नहीं बल्कि बच्चों के समग्र विकास और जीवन कौशल पर जोर दिया जा रहा है। स्कूल के प्राचार्य शिशिर प्रकाश ने स्पष्ट कहा कि उनका लक्ष्य अंक सूची नहीं, जीवन सूत्र बनाना है। उनका मानना है कि खुशहाल बच्चा ही बेहतर तरीके से सीख सकता है, इसलिए मानसिक सुरक्षा और प्रसन्नता को प्राथमिकता दी जा रही है।

विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और एनसीएफ 2023 को व्यवहारिक रूप में लागू किया गया है। रटने आधारित शिक्षा को खत्म कर रियल वर्ल्ड मास्टरी को पाठ्यक्रम का आधार बनाया गया है। शिक्षा मॉडल के तहत बच्चों के विकास को पांच आयामों में बांटा गया है, जिसमें शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, भावनात्मक और आनंदमय विकास शामिल है। योग, प्राणायाम, कहानी, संगीत, संवाद, अन्वेषण आधारित गतिविधियां और खेल-कला के जरिए बच्चों को संतुलित विकास का अवसर दिया जा रहा है। मूल्यांकन प्रणाली में भी बदलाव किया गया है। अब अंकों की जगह दक्षता आधारित मूल्यांकन पर जोर है। पोर्टफोलियो, प्रोजेक्ट और गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की प्रगति को मापा जा रहा है, जिससे सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और स्पष्ट बन रही है।

स्किल मेला, कुलिनरी चिलआउट और ग्रीन बर्थडे जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में उद्यमिता, नैतिकता, पर्यावरण जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित की जा रही है। मेंटोरिंग सिस्टम के तहत हर शिक्षक 12 से 15 बच्चों के समूह के साथ नियमित संवाद करता है, जिससे बच्चों की समस्याओं का समाधान और उनके विकास पर नजर रखी जाती है। हाल ही में आयोजित यूकेजी ग्रेजुएशन डे में बच्चों ने मंच संचालन, प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन और संवाद कौशल का प्रदर्शन किया।




हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 26 मार्च 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04



विंटेज की चाह

**लाइव इवेंट**

## मेक-ए-थान में नवाचारी विचारों को मिला साकार रूप, दिया डिजिटल आईडिया



**भिलाई।** नवाचार और कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के लिए शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में एक दिवसीय मेक-ए-थान हाई-एनर्जी, स्प्रिट पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने सीमित समय में अपने नवाचारी विचारों को साकार रुप दिया। इस आयोजन में मेकर्स, डिजाइनर्स, इंजीनियर्स और तकनीकी युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और विभिन्न सामाजिक एवं तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए फिजिकल एवं डिजिटल आईडिया प्रस्तुत किए। इस स्पर्धा में 21 स्कूलों एवं 26 महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिससे आयोजन में प्रतिस्पर्धात्मक एवं सृजनात्मक वातावरण बना। प्रतिभागियों ने टीमवर्क, नवाचार, समस्या समाधान और तकनीकी कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आई. पी. मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों से रुबरु हो कर उनके कौशल की जानकारी ली और मार्गदर्शन दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित किया जायेगा। श्री गंगाजली शिक्षण समिति की अध्यक्ष डॉ. जया मिश्रा ने आयोजन की सार्थकता की चर्चा करते हुए कहा कि यह स्कूल के विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में भविष्य के अनुसंधान प्रवृतियों को बढ़ावा देने का अच्छा माध्यम है। डॉ. रोशनी राहंगडाले और डॉ. अजय वर्मा ने बताया कि कड़ी स्पर्धा में जिन्हें पुरस्कृत किया गया उनमें स्कूल स्तर पर प्रथम स्थान पर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल, नगपुरा रही, जबकि द्वितीय स्थान पर बी एस पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 10 और तृतीय स्थान पर नगपुरा की स्कूल रही। महाविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान पर एन. आई. टी. रायपुर द्वितीय स्थान पर एम. एस. एम. ई. दुर्ग और तृतीय स्थान पर बी. आई. टी. दुर्ग की टीम रही। विश्वविद्यालय के कुलपति आई. पी. मिश्रा ने विजयी टीमों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र दिए। आयोजन में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ स्मिता सेलट, डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ श्रुति तिवारी सहित प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित थे।



**लाइव इवेंट**

## गोष्ठी और कथा पाठ कार्यशाला जे.एन.यू. दिल्ली में, कहानियों पर हुई चर्चा



**भिलाई।** जवाहर लाल नेहरु विद्यालय नई दिल्ली में दो दिवसीय वैचारिक गोष्ठी और कथा पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें भिलाई के साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा ने विभिन्न सत्रों में शिरकत की। जहां उनका स्वागत प्रोफेसर मलखान सिंह ने किया। इस साहित्यिक यात्रा में डॉ वर्मा की बेटी व्याख्याता स्मिता वर्मा और नीतीश कुमार भी शामिल हुए। जे.एन.यू. के अनुवाद प्रवीण शोधार्थियों के बीच डॉ. वर्मा ने अपनी चुनिंदा चार कहानियों पर विद्यार्थियों के प्रश्नों का जवाब दिया। एम.ए. हिन्दी के विद्यार्थियों तथा शोधार्थी विद्यार्थियों ने लेखक की कहानियों पर भी विचार दिया। इन कहानियों के अतिरिक्त कथा संग्रह दिन-प्रतिदिन, बुधिया की तीन रातें, फैसला, मेरी प्रिय कहानियों तथा माटीपुत्र से चयनित कथाओं पर भी चर्चा हुई। कमलेश्वर द्वारा चयनित एवं राजपाल से चार खंड़ों में की प्रकाशित सदी की कालजयी कहानियों में प्रकाशित कहानी और रमेश नैयर द्वारा संपादित बीसवीं सदी की कालजयी कहानियों में संकलित पकड़, ज्ञानरंजन द्वारा पहल में प्रकाशित कहानी झालर और माटीपुत्र का पाठ डॉ. वर्मा ने किया । जे.एन.यू. के विद्यार्थियों एवं डॉ. मलखान सिंह ने इन कहानियों के विविध पक्षों पर विचार दिया। पीयूष प्रखर, प्रशांत कुमार सिंह, कंचन राय शोध छात्रों सहित डॉ. पूजा, आकिल खां, गोविन्द भारती उर्दू, अनुराग कुमार रूसी भाषा, भरत कुमार पश्तो भाषा, विश्वजीत कलता कोशली भाषा, मिलिन्द साहू, शिवांगी पटेल, प्रीति, कृष्णा केशरवानी, देवंतिका साहू, दिव्यांश तिवारी, जयशंकर, त्रावणी वर्मा ने सत्रों में कहानियों पर विचार दिया ।

**रूंगटा यूनिवर्सिटी में 4 दिवसीय इंटर कॉलेज डांस कॉम्पीटिशन, हैकॉथॉन, स्पोट्र्स, ई-स्पोट्र्स सहित 40 से अधिक गेम्स होंगे आज**

# सालाना टेक फेस्ट व्योम का हुआ आगाज, पहले दिन ई समिट में पहुंचा गजब स्टार्टअप, सड़क हादसों में अब ये स्टिकर बने सेवर

**भिलाई।** जिस तरह दुर्घटना होने पर हेलमेट और सीट बेल्ट हमारी जिंदगी बचाती है, ठीक वैसे ही अब एक छोटा सा क्यूआर कोड स्टीकर घायल व्यक्ति की जान बचाने में बड़ी भूमिका निभाएगा। इस खास क्यूआर कोड को स्कैन करते ही मरीज की पूरी जानकारी जैसे ब्लड ग्रुप, पुरानी बीमारियां और अन्य जरूरी हेल्थ डिटेल चंद सेकंड में डॉक्टर के सामने होगी। इस स्टीकर को बाइक, हेलमेट और कार सहित तमाम तरह के व्हीकल पर चिपकाया जा सकेगा। यह गजब का इनोवेशन और स्टार्टअप आइडिया रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में बुधवार से शुरू हुए चार दिवसीय सालाना टेक-फेस्ट व्योम के तहत कराए गए आंत्रप्रेन्योरशिप समिट में सामने आया। इस समिट में प्रदेशभर से 50 स्टार्टअप ने जजेस के सामने अपना आइडिया पिच किया। इसमें से टॉप-10 स्टार्टअप आइडिया को शॉर्ट लिस्ट किया गया। जिन्हें शार्क टैंक इंडिया में शामिल हो चुके प्रदेश के स्टार्टअप फाउंडर ईशा झंवर और तरणवीर सिंह सैनी ने परखा। इनमें से तीन स्टार्टअप विजेता रहे, जिन्हें ई-समिट में 25 हजार रुपए के नकद पुरस्कार दिए गए।







### मरीज का डाटा रहेगा सुरक्षित

इस तकनीक की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें लगे क्यूआर कोड की कॉपी (प्रॉक्सी) नहीं की जा सकेगी, जिससे डेटा पूरी तरह सुरक्षित रहेगा। इसमें मरीज की फोटो और जरूरी जानकारियां भी जुड़ी होंगी, ताकि पहचान में किसी तरह की गलती न हो। साथ ही, डेटा लीक न हो इसके लिए भी पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जन हित का एक और स्टार्टअप वायुवेग भी इस समिट में खास रहा। यह स्टार्टअप कम कीमत में अच्छी गुणवत्ता वाले स्पोट्र्स प्रोडक्ट उपलब्ध करा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चे खेलों से जुड़ सकें। वर्तमान में आर्चरी से लेकर फुटबॉल तक खेल के प्रोडक्ट्स काफी महंगे हैं, जबकि यह स्टार्टअप शानदार क्वालिटी के प्रोडक्ट्स को आधी कीमतों पर उपलब्ध कराएगा। इससे निम्न और मध्यमवर्गीय परिवारों के खिलाड़ियों को खेलों से दूरी बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### स्क्विड गेम्स की थीम

इस साल रूंगटा टेक-फेस्ट व्योम की थीम मशहूर वेब सीरीज स्क्विव गेम्स पर रखी गई है। इस सीरीज की तरह ही छात्रों के बीच गेम्स कराए जा रहे हैं। यह फेस्ट चार दिन 29 मार्च तक चलेगा। गुरुवार से इंटर कॉलेज डांस कॉम्पीटिशन, हैकॉथॉन, स्पोट्र्स, ई-स्पोट्र्स सहित 40 से अधिक गेम्स शुरू होंगे। इसमें 28 मार्च को फेमस बॉलीवुड सिंगर निकिता गांधी मंच पर होंगी। वहीं 29 मार्च को फिल्म सुपर- फेम आनंद कुमार अपनी जर्नी विद्यार्थियों के साथ साझा करेंगे। उनके हाथों विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए जाएंगे।

### अब वीआर दिखाएगा सबसे बढ़िया फर्नीचर

इस ई-समिट में एक विशेष स्टार्टअप ग्रीनी ने भी सबका ध्यान खींचा। अभी तक हम फर्नीचर या होम-ऑफिस डेकोर के सामने देखकर खरीदा करते थे। जबकि इस स्टार्टअप ने एक ऐसा वीआर सिस्टम वेबसाइट तैयार की है, जिसमें घर और ऑफिस के कमरों की जानकारी डालते ही यह बताएगा कि कौन सा फर्नीचर उस कमरे में कैसा दिखेगा। फर्नीचर या अन्य सामान को एआई की मदद से क्लिक करते ही बदला भी जा सकेगा। इस तरह कमरों की लोकेशन के हिसाब से वहां अच्छे दिखने वाले फर्नीचर की खरीदारी एआई की मदद से हो सकेगी। इसके अलावा किसानों की मदद के लिए शुरू किया स्टार्टअप किसान सहायक अब किसानों को सीधे अपने उत्पाद बेचने और अपनी कीमत खुद तय करने की सुविधा देगा, जिससे उन्हें बेहतर लाभ मिल सकेगा।

## शक्ति की उपासना के पर्व नवरात्रि में व्रतधारियों ने फलाहारी कर भजन संध्या का लिया आनंद

**भिलाई।** शक्ति की उपासना के पर्व नवरात्रि में सेक्टर-2 स्थित न्यू आजाद गणेश समिति द्वारा आयोजित भव्य भजन संध्या और फलाहारी प्रसाद वितरण कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। मां दुर्गा की आराधना के इस पावन अवसर पर गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में पहली बार अनूठा आयोजन किया गया, जिसमें व्रतधारी श्रद्धालुओं के लिए रात्रि में व्रत खोलने के लिए विशेष फलाहारी व्यवस्था की गई। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष और बुजुर्ग पूरे श्रद्धाभाव से नवरात्रि का व्रत रखकर आयोजन में शामिल हुए। शुरुआत में पहले श्रद्धालुओं ने फलाहार ग्रहण कर अपने व्रत का विधिपूर्वक पारण किया और भजन संध्या में भाग लेकर मां दुर्गा की आराधना में लीन हो गए।

इस दौरान सोनाली सेन और उसकी साथियों द्वारा भजनों की प्रस्तुती दी गई। भक्ति गीतों से पूरा पंडाल जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और वातावरण भक्तिरस में डूब गया। इस धार्मिक आस्था के साथ-साथ व्रतधारियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। जिसे सभी ने सराहा। समिति के अध्यक्ष

पूर्व पार्षद श्रीनू ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन करना ही नहीं, बल्कि समाज में भक्ति, एकता और सेवा की भावना को सुदृढ़ करना है। भविष्य में भी इसी तरह के नवाचार और भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ा जा सके।



## आदिशक्ति माता जगदंबा की भरी गई ओली, भजन गाकर किया बखान



**भिलाई।** चैत्र नवरात्र पर महाराणा प्रताप भवन के प्रांगण में आदिशक्ति जगदंबा माता भव्य दरबार भी सजा हुआ है। जहां रोज समाज की महिलाओं दवरा भजन कीर्तन कर माता की आराधना की जा रही है। इसी कड़ी में आज माता की ओली भरने का कार्यक्रम क्षत्रिय कल्याण सभा महिला प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुषमा सिंह, कार्यकारिणी सदस्य गीता सिंह, उमा सिंह, किरण सिंह, पूनम सिंह, गायत्री सिंह, ममता शाही, श्वेता सिंह, शशि प्रभा सिंह, रश्मि सिंह, कंचन सिंह, नीलू सिंह, अरूणा सिंह, कल्पना सिंह, दिव्या सिंह ने मिलकर माता के भजन गाये और माता की ओली भरकर आर्शिवाद लिया।

**सर्व समाज संगठन ने आयोजित किया सामाजिक समरसता राज्य अलंकरण सम्मान समारोह**

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन द्वारा सामाजिक समरसता राज्य अलंकरण 2026 का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के 11 विभिन्न समाज के विभूतियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 50 संरक्षक सदस्यों का भी सम्मान हुआ।

कार्यक्रम में सेफी चेयरमैन नरेंद्र कुमार बंछोर, संस्था अध्यक्ष मेघनाथ यादव, विधायक ललित चंद्राकर, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, हेमचंद्र विश्वविद्यालय दुर्ग कुलसचिव डॉ.भूपेंद्र कुलदीप, रंजीत सारथी, अम्बिकापुर ब्लॉगर आनंद यादव, मोहन हरमुख पूर्व जनपद अध्यक्ष दुर्ग, ईश्वर पटेल संभाग प्रमुख रायपुर, उपकार चंद्राकर प्रदेश महामंत्री पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ भाजपा, टीकम सिंह पिपरिया बालोद, डॉ.सीमा साहू, मनीष यादव, छतीसगढ़ी कूर्मि क्षत्रिय महिला समाज अध्यक्ष अनिता वर्मा विशेषरूप से उपस्थित थे।

## सामाजिक परंपराओं को निरंतर आगे बढ़ाने वाले 11 विभूतियों को किया सम्मानित, पंथी नृत्य ने मोहा मन




### पंथीनृत्य की कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

शुरुआत डॉ.कृष्ण कुमार पाटिल द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की आरती से की गई। वरिष्ठ लोक कलाकार राकेश साहू गुंडरदेही की टीम ने सुमधुर छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति दी। पंथीनृत्य दल धनोरा के कलाकारों ने मनमोहक पंथीनृत्य द्वारा समा बांध दिया। संस्था के महामंत्री लखन साहू ने स्वागत भाषण एवं संगठन के गतिविधियों की जानकारी दी।

### नैतिक मूल्यों की शिक्षा और संस्कार पर दें जोर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि ऐसे समारोह से समाज में समरसता, भाईचारा और आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है। डॉ.कुलदीप ने आयोजन को छत्तीसगढ़ के माटी पुत्रों का सम्मान बताते हुए कहा कि आज के परिवेश में नैतिक मूल्यों की शिक्षा व संस्कारो पर भी जोर देना चाहिए। मुख्य अतिथि श्री बंछोर ने राज्य के विभिन्न 11 समाज के समाजरत्नों को बधाई दी।



### अलंकरण 2026 से हुए सम्मानित

सृजनात्मक,रचनात्मक एवं उत्कृष्ट सामाजिक परंपराओं को अक्षुण्य बनाये रखने में योगदान वाले को सामाजिक समरसता राज्य अलंकरण-वर्ष 2026 से सम्मानित विभिन्न समाज के 11 विभूतियों में डॉ.डी.पी.देशमुख, ब्रह्मदेव पटेल, संतकुमार केसकर, घनश्याम देवांगन, चंदूलाल मरकाम, भोजराम डड़सेना, अनुरूप साहू, द्वारिका प्रसाद यादव, बेनीराम बघेल, धानेश्वर कुमार निर्मल, गोपाल सोनी को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जीवन सिन्हा, अशोक साहू, डॉ.कल्याण साहू, शुभ्रकान्त ताम्रकार, अनिल खेलवार, शेखर साहू, भानुप्रताप यादव, रमेश साहू, कुमुद ताम्रकार, सुमन देवांगन सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन विजय रात्रे और आभार गेंदलाल वर्मा ने किया।

## सिटी इवेंट

# प्राचार्य असित मृत्यु के बाद भी शिक्षा के काम आएंगे



■ किया सपत्नीक देहदान की घोषणा

**भिलाई।** होता है जो खुद जलकर दूसरों को रौशनी देता है। देश का भविष्य माने जाने वाले बच्चों को ज्ञान और संस्कार की तालीम देने वाले आदर्श शिक्षक दंपति ने सामाजिक सरोकार की इस सूत्र को चरितार्थ कर दिखाया है। भिलाई के असित बरन बोस और पत्नी मुनमुन बोस ने आज अपने निवास पर मृत्युपरांत अपने देहदान की घोषणा की है। साथ ही संभव अंग दान की भी शपथ ली। डीएवी स्कूल नारायणपुर में प्राचार्य माडलटाउन भिलाई निवासी श्री बोस ने एम्स हास्पिटल रायपुर के माध्यम से देहदान की औपचारिक प्रक्रिया पूर्ण की। इसके साक्षी उनकी बेटी अर्पिता व दामाद सौरभ बिस्वास बने।

देहदान की अनुकरणीय मिसाल पेश करने वाले श्री बोस को इस सामाजिक अवदान की प्रेरणा शिक्षा और धर्म में मानव सेवा ही माधव सेवा है, जैसी मानवीय सोच से मिली। जीवनभर शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित रहने वाले 58 वर्षीय प्राचार्य श्री बोस स्कूल के अलावा समय निकालकर बतौर शिक्षक वनांचल के मुफलिस आदिवासी बच्चों को फ्री में ट्यूशन पढ़ाने के साथ कांपी किताबों की भी मदद करते रहते हैं। उनकी रुचि शिक्षा, समाजसेवा और साहित्य पठन में है। श्री बोस बताते हैं कि हन जीते जी तो शिक्षा को समर्पित रहा, मृत्युपरांत भी शिक्षा के काम आना चाहते हैं। शुरु से मेरी इच्छा रही कि जीवन दूसरों और परोपकार को समर्पित रहे। देश में मेडिकल शिक्षा जगत में कालेजों में स्टूडेंट्स को प्रयोग के लिए पार्थिव देह की किल्लत बढ़ते जा रही है। वे बताते हैं कि लोगों की जीवन रक्षा के लिए मैंने परिवार की सहमति से अपने साथ पत्नी को भी देहदान के लिए प्रेरित किया। हमने मृत्युपरांत देहदान के साथ अपने संभव अंगों के दान की भी शपथ भरी है। मृत्यु के बारह घंटे के अंदर अंगों को निकाला जा सकता है। हम चाहते हैं कि हर व्यक्ति मृत्यु के बाद देहदान व अंगदान करे,ताकि डाक्टरों को लोगों के जीवन रक्षा में मदद मिल सके। श्री बोस बताते हैं कि आत्मा अमर है, जो मौत के बाद नश्वर शरीर का साथ छोड़ देती है।

## समाज लाइव

# छत्तीसगढ़ झेरिया गडरिया धनकर समाज की नई कार्यकारिणी घोषित



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ झेरिया गडरिया धनकर समाज, दुर्गराज की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। वार्षिक आम सभा के दौरान हुए चुनाव में हेमचंद धनकर को समाज का नया अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। अध्यक्ष हेमचंद धनकर ने बताया कि समाज का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना, सामाजिक समरसता को मजबूत करना और युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना है।

समाज की वार्षिक आम सभा दुर्ग में आयोजित हुई। इस बैठक में दूर-दराज से पहुंचे सैकड़ों सदस्यों ने हिस्सा लिया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत मतदान किया गया। तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। मतदान के आधार पर हेमचंद धनकर ग्राम नवागांव को अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष हेमचंद धनकर ने समाज के विकास और एकता को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया और नई टीम की घोषणा की। वहीं महासचिव बिसौहाराम धनकर ग्राम नगपुरा, उपाध्यक्ष रमेश कुमार पाल चंदखुरी, करण धनकर भरदाकला, ठाकुर राम धनकर अंजनकपुर, सचिव संतोष धनकर कचांदुर, कोषाध्यक्षः टिकम धनकर नवागांव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोमन लहुरिया भिलाई चुने गए। इसके अलावा समाज के मार्गदर्शन के लिए संरक्षक मंडल का भी गठन किया गया है, जिसमें चेतन धनकर, चतुर धनकर, कोमल धनकर, रामगुलाल धनकर, ठगन धनकर और मंथीर धनकर सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यों को शामिल किया गया है। समाज के कार्यालय का संचालन ग्राम आमटी नदी घाट, जिला दुर्ग से किया जाएगा।

# वेदों के बिना भारतीय शिक्षा पद्धति अधूरी : आचार्य डॉ. महेश शर्मा




**भिलाई।** ज्ञान-विज्ञान की प्रतिभा में रत भारत इसकी वर्षा भी पूरी दुनिया में करता है, इसलिये भारतवर्ष भी कहलाता है। ऋषि मुनियों ने स्वयं और सारे विश्व को जगाया इसलिए भारतवर्ष जगद्गुरु के नाम से जाना गया। वेद, उपनिषद , रामायण, महाभारत, गीता और कालिदास के बिना भारत, भारत नहीं है। इन्हीं सब के कारण पूरे संसार में भारत की प्रतिष्ठा है। उक्त बातें वरिष्ठ शिक्षाविद और पूर्व प्राचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने स्व.दाऊ रामचन्द्र साहू शासकीय महाविद्यालय रानीतराई में भारतीय ज्ञान परम्परा व वैदिक संस्कृति विषय पर शिक्षाविदों और विद्यार्थियों को विशेषज्ञ मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कही। आचार्य डॉ.शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भारतीय ज्ञान परम्परा के सन्दर्भ में बताया कि वैदिक साहित्य के सार के रूप में उपनिषद् कहता है कि जो असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर और मृत्यु से अमरता की ओर ले जाने का काम करे वही सच्ची शिक्षा है। उन्होंने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन सहित रोजगार पठन-पाठन सामग्री भी दीं। आचार्य शर्मा ने शिक्षा नीति से प्रेरित स्वरचित अपनी चार पुस्तकें प्रेरणा प्रदीप, साहित्य और समाज, छत्तीसगढ़ में संस्कृत और गागर में सागर आदि भी प्राचार्य डॉ.मिश्र और ग्रन्थालय को निः शुल्क भेंट कीं। महाविद्यालय के प्राचार्य और गणितज्ञ डॉ.अरुण कुमार मिश्र ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान चन्दन गोस्वामी, अम्बिका ठाकुर बर्मन, डॉ. रेशमी वासनीकर, भारती गायकवाड, डॉ. शगुफ्ता सिद्दीकी, रेणुका वर्मा समेत बड़ी संख्या में स्टाफ और विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

## ● सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर में राणी सती का मनाया गया जन्मोत्सव

# मंगलपाठ में झूमीं महिलाएं, शिक्षा और वैवाहिक रस्मों का मंचन, जन्मोत्सव में बांटे चॉकलेट, खिलौने और मिठाइयां

**दुर्ग।** मेरी मैया मेरे घर आई रे, आज है दादी अमावस्या, श्रीराणी सती दादी की जय, दे दे थोड़ा प्यार, दादी मैया देने वाली है, हम लेने वाले है, उनके हाथों में लग जाए ताला जो मैया जी की ताली ना बजाये जैसे भक्ति भजनों पर महिलाएं जमकर झूमते हुए दिखाई दी। मौका था दादी परिवार सत्तीचौरा दुर्ग में आयोजित मां दुर्गा मंदिर महिला समिति द्वारा आयोजित राणी सती दादीजी के मंगलपाठ का। सत्तीचौरा मंदिर गंजपारा के16वें वार्षिकोत्सव और चैत्र नवरात्र के अवसर पर पांतवें दिन दादी राणी सती के मंगलपाठ का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में चुनरी प्रिंट वाली साड़ी पहनकर महिलाएं माता का आराधना करने मंदिर पहुंची। जहां सभी ने माता के दरबार पर नृत्य कर अपने भाव प्रकट किए। महोत्सव में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध भजन सम्राट तरुण सोनी रायपुर ने अपने सुमधुर भजनों की अमृतवाणी से श्रद्धालुओं को कथामृत का रसपान कराया। मंगल महोत्सव में महिलाओं ने भी दादी का मंगल पाठ किया। समिति की सदस्य प्रतिभा गुप्ता और सरिता शर्मा ने बताया कि मंगल पाठ के दौरान दादीजी के जन्म प्रसंग के दौरान कई श्रद्धालुओं ने उपहार के रूप में चाकलेट, खिलौने, मिठाइयां, लड्डू व अन्य वस्तुएं बांटी एवं शिक्षा की रस्म में सभी उपस्थित छोटे छोटे बच्चों को कॉपी पेन का वितरण किया गया। वितरण में चंचल शर्मा, किरण शर्मा, चंचल ललित शर्मा, सुमन बंटी शर्मा, किरण सेन, प्रतिभा पुरोहित, शोभा खंडेलवार, शिल्पी शर्मा का सहयोग रहा।







### दादी के विवाह रस्म का किया मंचन

कथा में दादी के विवाह रस्म आयोजक समिति ने सभी उपस्थित महिलाओं को मेंहदी एवं हल्दी लगाई और सती होने तक की सभी रस्मों का मंचन किया गया। जिसमें मेहंदी रची थारी हाथा मा,,, गाने में सभी महिलाएं झूमती रही। कथा में दादी जी के विवाह रस्म अजोजक समित्ति की महिलाओं ने सभी उपस्थित महिलाओं को मेंहदी एवं हल्दी लगाई और सती होने तक की सभी रस्मों का मंचन किया गया। जिसमें मीना अग्रवाल, शांता भूतड़ा, डॉ मानसी गुलाटी, ममता टावरी, मनीषा राठी, अर्चला शर्मा, सरिता शर्मा, अनिता अग्रवाल शामिल रही।

### मनाया गया माता का विवाहोत्सव

जन्मोत्सव के दौरान बधाइयां लेने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं व कन्याएं उमड़ी और माता का गाना नाचो गाओ खुशी मनाओ झूमो रे सब आज, मां आई घर आपने सब मंगल गाओ रे गा कर पूरे कार्यक्रम स्थल में धर्मलीन कर दिया। महोत्सव में अखंड ज्योत, जन्मोंत्सव, बधाई उत्सव, विवाह उत्सव, मुकलावा उत्सव व महाप्रसादी आकर्षण का केंद्र रहा। छोटे छोटे बच्चों को आकर्षित झांकी के रूप में सजाया गया था, जिसे देख सभी झूम उठे। कार्यक्रम में दुर्ग महापौर अलका बाघमार, पायल जैन, हर्षिका जैन को चुनरी पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में खाटू श्याम बाबा और बालाजी महाराज भोले बाबा के भजनों में देर रात तक भक्त झूमते रहे। मंगलपाठ के आयोजन में प्रज्ञा शर्मा, प्रगति शर्मा, गायत्री शर्मा, सिंधु सेन, अम्बिका पांडेय, सुमन शर्मा, प्रेमलता शर्मा, अनिता शर्मा, मनोरमा शर्मा, प्रीति राजगढ़िया, सारिका शर्मा, सुनीता अग्रवाल, सुनीता गुप्ता, सीमा शर्मा, संगीता शर्मा, रूकमणी गुप्ता, शोभा गुप्ता, सीमा शर्मा, मधु शर्मा, कविता शर्मा, आभा शर्मा, बबिता गुप्ता, कल्पना राजपूत, लक्ष्मी यादव, पिंकी साहू , ममता शर्मा, ममता अग्रवाल, रचना खण्डेलवाल, कुलेश्वरी जायसवाल, संध्या वर्मा सहित सैंकड़ों भक्त उपस्थित थे।

## महामाया मंदिर में भागवत पुराण

# ज्ञानियों और संतों के अपमान से मनुष्य होता है धनहीन, पं.सोमेश ने विस्तार से सुनाई कथा

**भिलाई।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर प्राचीन महामाया मंदिर परिसर मोहंदी जामुल में ग्रामीणों द्वारा स्थापित शताब्दी पूर्व महामाया के मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया है। जहां युवा कथा वाचक मलपुरी वाले पं. सोमेश शुक्ला संगीतमय कथा का वाचन कर रहे है।

कथावाचक ने सुकदेव महाराज द्वारा राजा परीक्षित को उनके जीवन में श्रीमद् भागवत की कथा सुनाने की कथाओं को बताते हुए कहा कि जीवन में आध्यात्मिकता लाने तथा शांति और सद्भावना पूर्ण जीवन शैली अपनाने की जरुरत है। कभी भी ज्ञान, ज्ञानियों और संत-महापुरुषों का अपमान नहीं करना चाहिए। इससे व्यक्ति धनहीन, श्रीहीन और मानहीन हो जाता है। इंद्र ने महर्षि दुर्वासा द्वारा दिए गए सम्मान स्वरुप माला को अपने हाथी के गले में डाल देने तथा हाथी द्वारा फूल को जमीन पर फेंक कर पैरों से मसल देने को दुर्वासा ने देखा व स्वयं अपना अपमानित समझा और इंद्र को शापित कर दिया। तब माता लक्ष्मी समुद्र में समा गई, जो समुद्र मंथन के दौरान प्रकट हुईं। फिर विष्णु ने उनका वरण किया। उन्होंने बताया कि





मनुष्य को अपने जीवन में किसी के भी द्वारा दिए गए सम्मान को संभाल कर रखना चाहिए, ताकि सम्मान देने वाले व्यक्ति के भावनाओं और उनके पुरुषार्थ का अपमान न हो। संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस के संबंध में भी में बताते हुए कहा कि काशी के पंडितों ने उनकी साहित्य रचना की घोर निंदा करके अपमानित किया था। जब काशी विश्वनाथ मंदिर में सभी तरह के रचित ग्रंथों को रखा गया, तब सबसे नीचे रखा गया। रामचरितमानस सबसे ऊपर आ गया और जिसमें स्वयं आदि देव महादेव के हस्ताक्षर अंकित था।

## एलुमिनी मीट में जुटे पूर्व छात्र

# किसी भी संस्थान की असली पहचान होते हैं पूर्व छात्र



**भिलाई।** पीएम श्री सेजेस बोरी में पहली बार भव्य एलुमनी मीट का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न बैच के सैकड़ों पूर्व छात्र शामिल हुए। स्कूल परिसर में पुराने दिनों की यादें और उत्साह साफ नजर आया। पूर्व छात्रों ने अपने पुराने अनुभव साझा किए और एक-दूसरे से जुड़ाव को फिर से मजबूत किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अध्यक्षता प्राचार्य रामजी सिंह ने की। वहीं एसएमडीसी अध्यक्ष अरविंद पटेल, महामंत्री सूरज देशमुख और सरपंच टेकेश्वर देशमुख विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि पवन शर्मा ने कहा कि पूर्व छात्र किसी भी संस्थान की असली पहचान होते हैं और उनकी उपलब्धियां स्कूल के लिए गर्व की बात होती हैं। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी पूर्व छात्रों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। साथ ही स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल को और जीवंत बना दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में वरिष्ठ व्याख्याता गुलनाज बानो, धीरजा चौधरी, राजेश शुक्ला, छाया सिंह सहित पूरे स्टाफ की अहम भूमिका रही।

## पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग भिलाई में विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस का आयोजन

# डाउन सिंड्रोम के मिथकों और गलत धारणाओं को दूर करने किया विचार-विमर्श और इंटरैक्टिव सत्र में दी जानकारी

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** एकता के साथ अकेलेपन के खिलाफ विषय पर विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस का आयोजन पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग भिलाई में किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा विशेषज्ञों, संकाय सदस्यों और छात्रों ने भाग लिया। जिसमें डाउन सिंड्रोम के बारे में जागरूकता बढ़ाने और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए जानकारी दी गई। इस दौरान प्रिंसिपल प्रो डॉ. रोजा प्रिंसी ने कहा कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम इन विशेष व्यक्तियों को समाज में सम्मान और समावेश प्रदान करें। वाइस प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ. डेजी अब्राहम ने डाउन सिंड्रोम वाले व्यक्तियों के लिए नर्सिंग पेशेवरों की भूमिका पर प्रकाश डाला, जबकि वाइस प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ. जी. हेमावती ने डाउन सिंड्रोम वाले बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। प्रोफेसर डॉ. अभिलेखा बिस्वाल, एडवाइजर, बीईटी ने डाउन सिंड्रोम के प्रबंधन में बहुविषयक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया।



### क्या है डाउन सिंड्रोम

डाउन सिंड्रोम एक आनुवंशिक स्थिति है, जो सामान्य 46 के बजाय गुणसूत्र संख्या 21 के अतिरिक्त होने के कारण उत्पन्न होती है। यह शारीरिक विकास में देरी, विशिष्ट शारीरिक लक्षण, बौद्धिक अक्षमता और हृदय या पाचन संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है। इसका कोई इलाज नहीं है, लेकिन शुरुआत में ही विशेष देखभाल से जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार किया जा सकता है।

### हर साल लगभग 30 से 40 हजार बच्चों को डाउन सिंड्रोम

कार्यक्रम में डाउन सिंड्रोम के बारे में मिथकों और गलत धारणाओं को दूर करने के लिए विचार-विमर्श, इंटरैक्टिव सत्र और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार डाउन सिंड्रोम सबसे आम क्रोमोसोमल विकार है, जो दुनिया भर में लगभग 1 हजार जन्मों में से 1 को प्रभावित करता है। भारत में यह अनुमान है कि हर साल लगभग 30 से 40 हजार बच्चे डाउन सिंड्रोम के साथ पैदा होते हैं।

### विद्यार्थियों को किया जागरूक

पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, भिलाई में यह आयोजन डाउन सिंड्रोम के बारे में जागरूकता बढ़ाने और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। जिसका छात्रों पर गहरा प्रभाव पड़ा, जिन्होंने सीखने और बढ़ने के अवसर के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रो. डॉ. अनु एस थॉमस, सुश्मिता रॉय, भागवती साहू, केसरलता साहू और रेशमा उपस्थित रहीं।

### डाउन सिंड्रोम एक सीमा नहीं है, बल्कि अन्वेषण करने का अवसर

जेएएनएचआरसी पीडियाट्रिक्स और नियोनेटोलॉजी विभाग की डॉ. माला चौधरी ने कहा कि डाउन सिंड्रोम वाले व्यक्तियों के लिए प्रारंभिक हस्तक्षेप बहुत महत्वपूर्ण है। इससे उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है। रेनबो चिल्ड्रन हॉस्पिटल निदेशक डॉ. संदीप थुते ने कहा कि डाउन सिंड्रोम एक सीमा नहीं है, बल्कि यह विकास के नए मार्गों का अन्वेषण करने का अवसर है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा उद्देश्य इन विशेष व्यक्तियों को समाज में एक सम्मानजनक स्थान दिलाना है। श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्रोफेसर डॉ. नरेश मोतवानी ने कहा कि डाउन सिंड्रोम के इतिहास वाले परिवारों के लिए जेनेटिक काउंसलिंग बहुत महत्वपूर्ण है। इससे उन्हें अपने स्वास्थ्य के बारे में सूचित निर्णय लेने में मदद मिल सकती है।

हेल्थ टिप्स

## लैपटॉप पर काम करना हो रहा मुश्किल, छुटकारे के लिए अपनाएं योग



लैपटॉप या कंप्यूटर पर लंबे वक्त तक काम करते रहने से कई बार आंखों में भारीपन, दर्द, जलन और सिर में दर्द महसूस होता है। एक्सपर्ट की बताई ये 2 एक्सरसाइज इन सभी चीजों को कम करने में मदद कर सकती हैं। दिनभर लैपटॉप या कम्प्यूटर पर काम करने के बाद, अक्सर शाम के वक्त हमें सिरदर्द, आंखों में जलन, भारीपन या दर्द महसूस होता है। ऐसे में आंखों की सही देखभाल करना बहुत जरूरी हो जाता है।

दरअसल, आंखों पर पड़ने वाले दबाव की वजह से ऐसा होता है। अगर आप वर्किंग हैं, तो जाहिर सी बात है आपके 8-9 घंटे कम्प्यूटर स्क्रीन के आगे ही गुजरते होंगे। इस वजह से आंखों पर काफी स्ट्रेन पड़ता है। एक्सपर्ट का कहना है कि लैपटॉप पर काम करते वक्त, बीच-बीच में कुछ देर किसी और चीज की तरफ देखें। अगर आपकी वर्क डेस्क के पास कोई विंडो है, तो उसके बाहर देखें। लगातार आंखों को लैपटॉप पर न टिकाएं। इससे नुकसान हो सकता है। इसके अलावा, आंखों की कुछ एक्सरसाइज भी आपको जरूर करनी चाहिए। इस बारे में योगा एक्सपर्ट दिलराजप्रीत कौर जानकारी दे रही हैं।

### एक्सरसाइज 1

सबसे पहले अपनी तर्जनी और मध्यमा



उंगली को आंखों के दोनों तरफ रखें। आपको दोनों आंखों की उंगलियों को दोनों आंखों पर इसी तरह रखना है। इसके बाद, आंखों को खोलें और बंद करें। ऐसा आपको 10-15 बार करना है। इससे आंखों की थकान दूर होगी और आराम मिलेगा।


### एक्सरसाइज 2

आंखों को सीधा रखें। अब आंखों को ऊपर की ओर करें और सीलिंग को देखें। इसके बाद आंखों को नीचे की तरफ करें और सामने देखें। ऐसा आपको 10-20 बार करना है। इससे आंखों की थकान और सिरदर्द दूर होगा। इसके साथ ही, अपने माथे पर दोनों आंखों के बीच में एक उंगली रखें। इसे क्लॉकवाइज और एंटी-क्लॉकवाइज डायरेक्शन में घुमाएं। ऐसा कम से कम 10 बार करें। इससे सिरदर्द और प्रेशर कम होगा।

### इन टिप्स को भी करें फॉलो

स्क्रीन की ब्राइटनेस और टेक्स्ट साइज को ऐसा रखें जिससे आपकी आंखों पर ज्यादा जोर न पडे। हर घंटे 5-10 मिनट खुद को ब्रेक दें। आंखों को बंद करें और बॉडी को स्ट्रेच करें। अगर आप बहुत अधिक वक्त तक स्क्रीन पर काम कर रहे हैं, तो ब्लू लाइट फिल्टर्स या ग्लासेज का इस्तेमाल करें।

सिरदर्द, आंखों की जलन, स्ट्रेन और दर्द से छुटकारा पाने के लिए, आप एक्सपर्ट की बताई इन 2 एक्सरसाइज को रूटीन में शामिल कर सकती हैं। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के ऊपर दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।



लाइफ स्टाइल ने बिगाड़ा हमारे शरीर का ढंग


# आबादी का बड़ा हिस्सा कमर या पीठ में दर्द से परेशान लगातार बढ़ती जा रही इस दिक्कत से राहत पाना जरूरी

लाइफस्टाइल की गड़बड़ी ने हमारे शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। कई रिपोर्ट्स में स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को सावधान करते रहे हैं कि जिस तरह से हमारी शारीरिक निष्क्रियता बढ़ती जा रही है ये भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त बोझ बढ़ाने वाली हो सकती है। इसका कम उम्र से ही ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

ऑफिस हो या बिजनेस, बड़ी संख्या में लोग ऐसे है जिनके दिन का 8-10 घंटे बैठे-बैठे बीत जाता है। इसका दुष्प्रभाव ये है कि युवाओं में पीठ-कमर दर्द की दिक्कत तेजी से बढ़ती जा रही है। इस तरह के दर्द पर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो ये गंभीर रूप भी ले सकता है, जिसके चलते जीवन के सामान्य कामकाज में भी बाधा उत्पन्न हो सकती है। कहीं आप भी तो कमर या पीठ में दर्द से परेशान नहीं हैं?

### 48 फीसदी भारतीय कमर दर्द से परेशान

एक हालिया मीडिया रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में करीब 48 फीसदी लोग कमर या पीठ में दर्द से परेशान रहे हैं। यूके-यूएस में ये दर और भी ज्यादा है। हालांकि अगर समय रहते ही, शुरुआती स्थिति में इस तरह के दर्द पर ध्यान देकर इसका इलाज



करा लिया जाए तो इसके गंभीर रूप लेने का खतरा कम हो सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि लंबे समय तक बैठे रहने से रीढ़ की हड्डी की डिस्क पर दबाव बढ़ने लगता है। मांसपेशियों में खिंचाव और बैठने का पोजिशन खराब होने के कारण भी पीठ दर्द हो सकता है। आगे चलकर इससे डिस्क डीजनरेशन और साइटिका जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

### गड़बड़ पॉश्चर की दिक्कत



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बैठने या लंबे समय तक खड़े रहते समय अगर आपकी मुद्रा यानी पॉश्चर ठीक नहीं है तो ये पीठ के निचले हिस्से में दर्द का कारण बन सकती है। बहुत ज्यादा आगे या बहुत ज्यादा पीछे की ओर झुकने की स्थितियां भी समस्या पैदा कर सकती हैं। भले ही आपकी पीठ का दर्द खराब मुद्रा के कारण न हो, लेकिन इससे यह और भी बदतर हो सकता है।

### पीठ-कमर में दर्द की इन वजहों पर भी दीजिए ध्यान

कमर-पीठ दर्द के लिए कई अन्य कारणों को भी जिम्मेदार पाया गया है, जिसका सभी लोगों को ध्यान देना चाहिए। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते है, जिन लोगों की शारीरिक गतिविधि कम होती है वह इसका शिकार हो सकते हैं, एक्सरसाइज न करने से मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। अत्यधिक वजन या मोटापा रीढ़ की हड्डी पर दबाव डालता है।गलत पोजीशन में स्क्रीन देखने से गर्दन और पीठ पर असर पड़ता है। भारी वजन उठाते हैं तो भी सावधानी बरतें। गलत तरीके से वजन उठाने से कमर पर दबाव बढ़ जाता है।

### कमर-पीठ दर्द से कैसे बचा जाए?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देकर भी आप इस समस्या के जोखिम को कम कर सकते



हैं। बैठते, खड़े होते और सोते समय सही पॉश्चर बनाए रखें। योग, स्ट्रेचिंग और हल्के वर्कआउट से मांसपेशियां मजबूत होती हैं। वजन नियंत्रण में रखें। इसके लिए संतुलित आहार और नियमित व्यायाम करें।लंबे समय तक बैठने से बचें। हर 30-40 मिनट में खड़े होकर हल्की स्ट्रेचिंग करें। कैल्शियम, विटामिन डी और प्रोटीन युक्त भोजन करें।

## चैत्र नवरात्रि में करने जा रहे हैं नए घर में प्रवेश तो जरूर जानें ये जरूरी बातें

अगर आप चैत्र नवरात्रि के दौरान नए घर में प्रवेश कर रहे हैं, तो आपको कुछ बातों का ध्यान रखने की जरूरत होती है, जिससे किसी तरह की नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश नए घर में न हो सके।

### मुख्य द्वार पर अशोक या आम के पत्तों का तोरण लगाएं

यदि आप नए घर में प्रवेश के समय घर के मुख्य द्वार को पवित्र और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर बनाए रखने के लिए अशोक या आम के पत्तों का तोरण लगाएं, तो यह आपके लिए बहुत शुभ हो सकता है। यह उपाय घर को नकारात्मक शक्तियों से बचाने में सहायक होता है। मान्यता के अनुसार, अशोक के पत्ते सुख-शांति के प्रतीक माने जाते हैं और बुरी नजर से बचाते हैं। वहीं, आम के पत्तों का तोरण लगाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसे मुख्य द्वार के ऊपर स्थापित करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

### गृह प्रवेश के समय जरूर करें कलश स्थापना

नए घर में गृह प्रवेश करने के दौरान कलश की स्थापना को विशेष रूप से शुभ माना जाता है। यह समृद्धि, सकारात्मक ऊर्जा और देवी लक्ष्मी की कृपा को आमंत्रित करता है। नए घर में प्रवेश करते समय आप सबसे पहले एक तांबे या मिट्टी का कलश लें और उसमें स्वच्छ जल भरें। कलश में आम के आठ पत्ते लगाएं और उसके ऊपर एक नारियल रखें। कलश पर सिंदूर या रोली से स्वस्तिक का चिह्न बनाएं, जिसे शुभता और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। इसे मुख्य द्वार के पास या पूजा स्थान पर रखें और मंत्रोच्चारण के साथ इसकी पूजा करें। गृह प्रवेश से पहले, यह कलश देवी-देवताओं का



आह्वान करने और घर में सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने का कार्य करता है।

### शादीशुदा लोग जोड़े में ही गृह प्रवेश करें

यदि गृह प्रवेश करने वाले व्यक्ति पति-पत्नी हैं, तो उन्हें साथ में ही नए घर में प्रवेश करना चाहिए। यह शुभ संकेत माना जाता है और गृहस्थ जीवन में प्रेम, समर्पण और सौहार्द को बढ़ाने में सहायक होता है। गृह प्रवेश के समय महिलाओं को अपना बायां पैर पहले रखना चाहिए, क्योंकि यह मंगलकारी माना जाता है। वहीं पुरुषों को अपना दाहिना पैर आगे बढ़ाते हुए घर में प्रवेश करना चाहिए, जिससे जीवन में शुभता और समृद्धि बनी रहती है। प्रवेश के समय मन में सकारात्मक विचार और भगवान का स्मरण करना चाहिए।

### गृह प्रवेश से पहले घर की शुद्धि करें

नए घर में प्रवेश करने से पहले उसकी शुद्धि करना बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है, जिससे वहां पहले से मौजूद किसी भी नकारात्मक ऊर्जा का नाश हो सके।इसके लिए आप सबसे पहले पूरे घर में गंगाजल छिड़कें। इससे घर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है। यही नहीं, गृह प्रवेश के समय घर पर हवन करने से भी पूरे घर का शुद्धिकरण होता है।

## शेयर मार्केट में सफलता दिलाएंगे वास्तु टिप्स



अगर आप शेयर मार्केट में पैसे लगाते हैं और इससे आपको फायदे की जगह नुकसान होते हैं तो इसका एक कारण वास्तु दोष भी हो सकता है। आइए आपको बताते हैं किन वास्तु उपायों से आप इन दोषों को दूर करके शेयर मार्केट में मुनाफा पा सकते हैं। वास्तु शास्त्र में सही स्थान का चयन करना बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। आदर्श रूप से, अपने ट्रेडिंग डेस्क को घर या ऑफिस के उत्तर-पूर्वी कोने में रखें, क्योंकि यह दिशा सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि से जुड़ी होती है। इसके अलावा, डेस्क की दिशा उत्तर या पूर्व की ओर होनी चाहिए जिससे आप इन दिशाओं की लाभकारी ऊर्जा का लाभ उठा सकें। आपको इस बात का ध्यान देना चाहिए कि आपका ट्रेडिंग डेस्क दक्षिण या दक्षिण-पश्चिम कोने में नहीं होना चाहिए, क्योंकि ये दिशाएं वित्तीय हानि और रुकावटों को आकर्षित कर सकती हैं।

### ट्रेडिंग डेस्क की अव्यवस्था दूर करें

वास्तु में किसी भी अव्यवस्था को रुकी हुई ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, जो सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को बाधित कर सकती है। इसलिए, शेयर बाजार में सफलता के लिए अपने ट्रेडिंग स्पेस को व्यवस्थित और स्वच्छ रखना आवश्यक होता है। अपनी डेस्क और उसके आसपास की जगह से अनावश्यक वस्तुओं को हटा दें, जो आपके व्यापारिक लक्ष्यों से ध्यान भटकाने का काम कर सकते हैं। अपनी ट्रेडिंग डेस्क को सुव्यवस्थित रखें और आवश्यक उपकरणों को डेस्क में रखें। अपने जरूरी सामान को स्टोर करने के लिए आप शेल्फ, दराज या फाइलिंग कैबिनेट का उपयोग करें, जिससे आपकी जगह व्यवस्थित बनी रहे।



## आप भी शिकार हो रहे 'फूड कोमा' के तो करें ये उपाय

क्या खाना खाने के बाद आपको भी बहुत तेज नींद आती है। इसे हम फूड कोमा के नाम से जानते हैं। आप इन टिप्स की मदद से नींद आने की समस्या को दूर कर सकते हैं। अक्सर खाना खाने के बाद तेज नींद आने लगती है। खासकर दोपहर का खाना खाने के बाद ऐसा लगता है कि बस थोड़ा सा लेट जाएं और नींद अपनी आगोश में ले ले, ऐसा होता है, तो आप अकेले नहीं हैं। कई लोगों को खाना खाने के बाद तेज झपकी आती है, जिसे फूड कोमा कहा जाता है। क्या आपको मालूम है कि ऐसा क्यों होता है। हेल्थ एक्सपर्ट रामिता कौर के मुताबिक खाने के बाद शरीर में इंसुलिन का स्तर अचानक बढ़ जाता है, जिससे ब्रेन में सेरोटोनिन और मेलाटोनिन नाम का हार्मोन रिलीज होने लगता है,जो हमें नींद का एहसास दिलाता है। खासतौर पर कार्बोहाइड्रेट और मीठे खाद्य पदार्थ खाने से ऐसा हो सकता है। हालांकि कुछ ऐसे असरदार तरीके हैं जो आपको फूड कोमा से बचाने में मदद कर सकते हैं।

### फूड कोमा से बचन के लिए क्या करें?



खाने से पहले ऐप्पल साइडर विनेगर पिएं। सिरका ब्लड शुगर लेवल को बैलेंस करता है। यह इंसुलिन स्पाइख्स को कम करता है, जिससे नींद नहीं आती है। खाने से 15 -20 मिनट पहले 1 चम्मच सिरके को 150 एमएल पानी में मिलाकर पिएं। खाने के साथ सलाद जरूर खाएं। इसमें मौजूद फाइबर पाचन प्रक्रिया को धीमा करता है और इंसुलिन स्पाइक को कंट्रोल करता है। हर पत्तेदार सब्जियों और कच्ची सब्जियों से ब्लड शुगर स्थिर बनी रहती है।

खाने में देसी घी शामिल करें, इसमें हेल्दी फैट्स होते हैं, जो इंसुलिन स्पाइख को बैलेंस करने में मदद करते हैं। यह पाचन को बेहतर करता है और खाने को सही तरीके से तोड़ने में मदद करता है। आप रोटी या दाल में मिलाकर घी खा सकते हैं। खाना खाने के बाद कम से कम 15 मिनट जरूर टहलें। यह पाचन को सुधारता है और एनर्जी बनाए रखता है। इससे ब्लड शुगर का स्तर स्थिर रहता है।

हेल्थ एक्सपर्ट रामिता कौर बताती हैं कि खाने के बाद हमारी बॉडी में इंसुलिन का स्तर बढ़ जाता है। इसके चलते दिमाग में में सेरोटोनिन और मेलाटोनिन नाम का हार्मोन रिलीज होने लगता है, जिसके कारण हमें नींद का एहसास होता है। लेकिन इससे बचने के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खों को फॉलो कर सकते हैं।

### सेब का सिरका पिएं

एक्सपर्ट कहती हैं कि जब भी आप दोपहर का लंच करें, तो उससे पहले एप्पल साइडर विनेगर पिएं। सिरका पीने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल रहता है। इससे इंसुलिन का स्तर भी नहीं बढ़ता है। आप खाने से 20 मिनट पहले एक गिलास में पानी में चम्मच भर सिरका मिलाकर पी सकते हैं।

### वॉक करना है जरूरी

लंच के बाद एक छोटी सी वॉक करना भी फायदेमंद है। हल्का व्यायाम जैसे 10-15 मिनट की वॉक से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है।



कार्नर न्यूज

शहर में क्रिकेट का रोमांच-एलिट ग्रुप के मुकाबले जारी

## रायपुर ब्लू ऑल आउट, प्लेट कंबाइंड ने बनाए 183 रन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच के तीसरे दिन शानदार मुकाबले हुए। आरडीसीए रायपुर में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) एवं रायपुर ब्लू के बीच हुए मैच में बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ब्लू पहली पारी में 496 रन पर ऑल आउट हुई। बल्लेबाजी में बीसीए पहली पारी में एक विकेट पर 42 रन से आगे खेलते हुए 269 रन बनाकर आउट हो गई। हर्ष शर्मा ने 47, आनंद राव ने 45 एवं शुभम सिंह ने 40 रन बनाएं। गेंदबाजी में रायपुर (ब्लू) के सुमित रूईकर ने 4, उत्कर्ष तिवारी ने 3 और मोहम्मद फैज खान ने दो विकेट दिए। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू ने दूसरी पारी एक विकेट पर 34 रन, ऋषभ तिवारी ने नॉट आउट 25 रन और सानिध्य हुरकट ने नॉट आउट नौ रन बनाए।

न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम रायपुर विरुद्ध प्लेट कंबाइंड के मैट में बल्लेबाजी करते हुए प्लेट कंबाइंड टीम दूसरी पारी में 4 विकेट पर 92 रन से आगे खेलते हुए 183 रन बनाकर आउट हो गई। श्रीयम सुंदरम ने 76 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर के गगनदीप सिंह ने 5 विकेट दिए और बल्लेबाजी में रायपुर ने दूसरी पारी एक विकेट पर 70 रन, ऋषि शर्मा ने नॉट आउट 32 रन और प्रभाष शुक्ला ने 30 रन बनाए। आलोक साहू ने नॉट आउट सात रन, गेंदबाजी में प्लेट कंबाइंड के जितेश कुमार वर्मा ने एक विकेट लिए।



### फ्रेंड्स कप में बीएसपी के विभिन्न विभाग आमने-सामने

फ्रेंड्स क्लब की ओर से बीएसपी फ्रेंड्स कप का आयोजन बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में जारी है। बुधवार को पहला मैच पीबीएस एवं राइट्स के मध्य खेला गया। परिणामस्वरूप पीबीएस ने 21 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच अर्जुन रहे। दूसरा मैच यू आर एम (वी) विरुद्ध सीआईएसएफ हुआ। जिसमें सीआईएसएफ ने 5 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ़ द मैच संदीप तिवारी रहे। तीसरा मैच बीआरएम एवं जी आर 11 के मध्य खेला गया। परिणामस्वरूप बीआरएम-11 ने 48 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ़ द मैच अंचु रहे। चौथा मैच सिंटर प्लांट-3 एवं सर्विसेस के मध्य खेला गया। परिणाम स्वरूप सर्विसेज ने 8 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच गोल्डी रहे। मैच के अंपायर्स अभय, विनय, अर्जुन, संजय, विकास एवं राधेश्याम रहे। स्कोरर विनोद देवघरे, अनिल सिंह एवं वीरेंद्र, पिच क्यूरेटर आजाद अहमद खान एवं जीवन सिंह रहे।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## डेप ने डेन के आखिरी दिनों में बढ़ाया था मदद का हाथ, घर में दी थी पनाह



मेडिकल ड्रामा 'ग्रेज एनाटॉमी' के अपने किरदार से सुर्खियां बटोरने वाले अभिनेता एरिक डेन नहीं रहे। 53 साल की उम्र में पिछले महीने 19 फरवरी को उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। एरिक के आखिरी दिनों में हॉलीवुड एक्टर जॉनी डेप ने उनकी मदद की थी। आखिरी दिनों में उनके आर्थिक बोझ को कम करने में लोकप्रिय हॉलीवुड एक्टर जॉनी डेप ने उनकी मदद की थी। जॉनी डेप ने दिवंगत एक्टर एरिक डेन को उनके आखिरी महीनों में लॉस एंजिल्स में किराए मुक्त घर दिया था। एरिक एमियोट्रोफिक लैटरल स्क्लेरोसिस से पीड़ित थे। इस बीमारी का शिकार होने की जानकारी देने के महज दस महीने बाद एरिक ने 53 साल की उम्र में दुनिया छोड़ दी। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि एक्टर जॉनी डेप ने चुपचाप दरियादिली दिखाते हुए दिवंगत एक्टर एरिक डेन को लॉस एंजिल्स में अपनी एक प्रॉपर्टी में रहने की जगह दी, जिससे वे पैसे और सेहत की दिक्कतों से जूझते हुए बिना किराए के रह सके। जॉनी डेप और एरिक डेन कई साल पहले आपसी जान-पहचान की वजह से करीब आए थे। एरिक के मुश्किल वक्त में जॉनी डेप मदद को आगे आए। उन्होंने एरिक के आखिरी महीनों में उन्हें अपने घर में पनाह देने की पेशकश की थी। पेज सिक्स ने एक सोर्स के हवाले से बताया कि जॉनी डेप मदद करना चाहते थे, ताकि बीमारी से लड़ते समय एरिक को किसी और चीज की चिंता न करनी पड़े। रिपोर्ट के अनुसार, 'एरिक आखिरी दिनों में जॉनी के एक घर में बिना किराए के रह रहे थे। रिपोर्ट में आगे कहा गया, 'जॉनी पैसे का बोझ कम करने के लिए जो कुछ भी कर सकते थे, वह करना चाहते थे'।

### टॉलीवुड

## 'पेद्दी' के सेट पर घायल हुए राम चरण, ब्रेक और शूटिंग को लेकर आई अपडेट



साउथ स्टार राम चरण इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पेद्दी' को लेकर चर्चाओं में हैं। हाल ही में ऐसी खबरें आईं कि राम चरण फिल्म के सेट पर चोटिल हो गए हैं, जिसके चलते फिल्म की शूटिंग रुक गई है। इस खबर के सामने आने के बाद उनके फैंस परेशान हो गए थे। अब उनकी हेल्थ को लेकर राम चरण की टीम ने जानकारी साझा की है। साथ ही फिल्म की शूटिंग और राम चरण के ब्रेक को लेकर भी अपडेट दी गई है। राम चरण की टीम के एक सूत्र ने एक्टर की इंजरी को लेकर अपडेट देते हुए बताया कि राम चरण बीते मंगलवार 24 मार्च को एक एक्शन एपिसोड की शूटिंग कर रहे थे और उन्हें चोट लग गई। उन्हें चार टांके लगवाने पड़े। उनकी आंख के ऊपर चोट लगी है, आंख में नहीं जैसा कि कुछ लोग मान रहे हैं। उनकी आंख ठीक है। वह काम पर भी लौट आए हैं, क्योंकि यह मामूली चोट है और चिंता की कोई बात नहीं है। सूत्र ने स्पष्ट किया कि राम चरण ने इस इंजरी के बाद भी शूटिंग से कोई ब्रेक नहीं लिया है। 'पेद्दी' की टीम फिलहाल हैदराबाद में शूटिंग कर रही है। इसके बाद एक स्पेशल गाने की शूटिंग होनी है। फैंस 27 मार्च को राम चरण के जन्मदिन पर फिल्म के टीजर आने का भी इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में निर्माताओं ने डबिंग स्टूडियो से एक वीडियो शेयर किया, जो देखते ही देखते वायरल हो गया। वीडियो में राम चरण अपने डायलॉग रिकॉर्ड करने में पूरी तरह से मग्न नजर आ रहे हैं। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित 'पेद्दी' एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है। इसमें राम चरण के साथ जाह्नवी कपूर, शिव राजकुमार, जगपति बाबू और दिव्येंदु शर्मा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग नवंबर 2024 में फिर से शुरू हुई और मार्च 2025 में इसके शीर्षक की घोषणा की गई।

### भोजपुरी


## यूजर बोले- वक्त के साथ न बदले तो भोजपुरी इंडस्ट्री खत्म



अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना 'दाल भात भुजिया' रिलीज हो चुका है। यूट्यूब पर लिखा गया है., 'सच्चा एहसास लेके आ गइल बा..दाल भात भुजिया।' इस गाने पर एक यूजर ने लिखा-तुम लोग टाइम के साथ नहीं बदले ना तो खत्म हो जाएगा भोजपुरी इंडस्ट्री।
भोजपुरी इंडस्ट्री के एक्टर और सिंगर अरविंद अकेला कल्लू अपने फैन्स के लिए एक नया तड़कता भड़कता गाना 'दाल भात भुजिया' लेकर हाजिर हैं। अरविंद अकेला कल्लू ने सोशल मीडिया पर गाने की झलक शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'अरविंद अकेला कल्लू अ शिल्पी राज के आवाज में सजल ई गीत अब रिलीज हो गइल बा। पूरा गाना दाल भात भुजिया अब देखीं।'
इस गाने में अरविंद के साथ कोमल सिंह भी नजर आ रही हैं। यूट्यूब पर इसे शेयर करते हुए लिखा गया है, 'देसी प्यार के स्वाद कुछ अलग ही होला। कभी गुड़ जइसन मीठ, कभी नमक जइसन जरूरी...ऐसे ही सच्चा एहसास लेके आ गइल बा..दाल भात भुजिया।' इस गाने पर फैन्स भरपूर प्यार बरसा रहे हैं। वहीं एक यूजर ने लिखा है, 'भोजपुरी वाले दाल और भात में खुश रहेंगे अरे तुम लोग टाइम के साथ नहीं बदले ना तो खत्म हो जाएगा भोजपुरी इंडस्ट्री। लोग अब मगही सॉन्ग ज्यादा सुन रहे हैं। चाहे पवन हो खेसारी हो या कोई और याद रखो।' कयास लगाया जा रहा था कि ये एक रोमांटिक सॉन्ग होने वाला है।

### लाइफ स्टाइल

#### विंटेज की चाह



साल 2026 में विंटेज कपड़ों की बहार है। डिजाइनर जानते हैं कि इनसे सिर्फ़ हमारी अपनी स्टाइल को ही फ़ायदा नहीं होता बल्कि पुराना ट्रेंड लौटकर आता है। जब हम फ़ास्ट फ़ैशन से दूर होकर ज़्यादा टिकाऊ विकल्पों को चुनते हैं, तो हालात काफ़ी बेहतर होते है। आज पेट्रो केमिकल्स, ज़हरीले रसायनों का मिश्रण और सस्ते सिंथेटिक फ़ाइबर से निकलने वाले माइक्रो प्लास्टिक के पहाड़ बड़ी चुनौती बन गए हैं। फैशन की दुनिया इनसे उबना चाहती है।

## घर पर बनाएं हेयर सीरम, बालों का झड़ना होगा बंद

मौसम कोई भी हो झड़ते बालों की समस्या हर किसी को होती है। इससे बचने के लिए अक्सर हम अलग-अलग प्रोडक्ट का इस्तेमाल भी करते हैं। वहीं कुछ प्रोडक्ट ऐसे होते हैं जिनके ज्यादा इस्तेमाल से बाल ज्यादा झड़ने शुरू हो जाते हैं। ऐसे में आप यहां बताए गए घरेलू नुस्खों को ट्राई कर सकती हैं। इससे बाल झड़ने कम हो जाएंगे।

### एलोवेरा जेल और एसेंशियल ऑयल का करें इस्तेमाल

एलोवेरा जेल बालों के लिए काफी अच्छा होता है इसलिए आप इसका इस्तेमाल बालों के लिए कर सकती हैं। एसेंशियल ऑयल भी बालों की ग्रोथ के लिए अच्छा होता है।

**सामग्री:** एलोवेरा जेल-2 चम्मच एसेंशियल ऑयल-2 चम्मच नारियल का तेल- 1-2 चम्मच रखिए। इसे बनाने के लिए सबसे पहले आपको एक कटोरी में एलोवेरा जेल और एसेंशियल ऑयल डालें। अब इसमें नारियल का तेल मिक्स करें। इसके बाद एक बोतल में डालकर रखें। फिर इसे हेयर सीरम की तरह इस्तेमाल करें और स्कैल्प (होममेड हेयर सीरम बनाने का तरीका) की मसाज करें।इसके बाद 30 मिनट के लिए इसे बालों में लगा रहने दें। फिर अपने बालों में शैंपू का इस्तेमाल करके साफ कर लें।

### कैस्टर ऑयल और विटामिन ई हेयर सीरम

बाजार में आपको कई तरह के अलग-अलग हेयर सीरम मिल जाएंगे। जिन्हें आप बालों में अप्लाई करेंगी। लेकिन आप चाहे तो घर पर भी इसे तैयार कर सकती हैं। इससे बालों का झड़ना कम हो जाएगा।
सीरम बनाने का तरीका



इसके लिए एक कटोरी में कैस्टर ऑयल डालें। अब इसमें विटामिन ई का कैप्सूल एड करें। फिर इसे अच्छे से मिक्स करना है। इसके बाद एक पंप वाली बोलत (एंटी हेयर फॉल सीरम बनाने का तरीका) में इसे डालना है। इसे आप अपने बालों में अप्लाई करें और 30 मिनट के लिए लगा रहने दें। इसके इस्तेमाल से आपके बाल झड़ने बंद हो जाएगे। इन सभी चीजों का इस्तेमाल करके आप झड़ते बालों को रोक सकती हैं। इससे आपके बाल कम समय में लंबे और घने हो जाएंगे।

## सिंपल सूट को हैवी लुक दें तो खिल उठेगा आपका रूप



स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको स्टाइलिंग करते समय लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के साथ-साथ अपनी बॉडी टाइप का खास ख्याल रखना जरूरी होता है। स्टाइलिश दिखना बिल्कुल भी आसान नहीं होता है। इसके लिए आपको हर छोटी-बड़ी चीज का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। वहीं सूट पहनना हम सभी पसंद करते हैं और इसके कई डिजाइन और वैरायटी आपको मार्केट में देखने को मिल जाएगी।



आजकल की बात करें तो अब प्लेन या मिनिमल डिजाइंस को काफी पसंद किया जाने लगा है, लेकिन इसे हैवी लुक देने के लिए आज भी कई हैक्स मौजूद हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं उन हैक्स की जिनकी मदद से आप आसानी से प्लेन और सिंपल सूट को हैवी लुक दे सकती हैं और अपने स्टाइल स्टेटमेंट को अपग्रेड कर सकती हैं।



### सूट के गले को कैसे दे आकर्षक लुक?

सूट के गले को आकर्षक लुक देना चाहती हैं तो इसके लिए आप प्लेन सूट पर पैच वर्क लगवा सकती हैं। इस तरह के रेडीमेड नेक पैच का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके अलावा आप चाहे तो बटन भी लगवा सकती हैं। वहीं अगर आप गले में हैवी डिजाइन नहीं बनवाना चाहती हैं तो नेकलाइन के लिए कोई स्टाइलिश डिजाइन को चुन सकती हैं।

### सूट में कैसे करें लेस का इस्तेमाल?

सूट में लेस वर्क का इस्तेमाल आप कई तरीके से कर सकती हैं। लेस लगाने के लिए आप प्लेन फैब्रिक को खरीदकर सूट को बनवा सकती हैं और उसे आकर्षक लुक देने के लिए इसमें तरह-तरह से लेस लगवा सकती हैं। लेस में आपको गोटा-पट्टी, पाइपिंग और चिकनकारी डिजाइन की लेस को लगवा सकती हैं। इस तरह लेस को आप घेरे, स्लिट, बाजू, नेक लाइन पर लगवा सकती हैं।

## त्वचा की रंगत निखारने इस्तेमाल करें मुलेठी



स्किन इंफेक्शन होने पर मुलेठी का इस्तेमाल किया जा सकता है। मुलेठी के इस्तेमाल से त्वचा की रंगत निखरने लगती है। मुलेठी से आप फेस पैक बना सकती हैं। चेहरे पर मुलेठी लगाने के फायदों के बारे में हमने ब्यूटी एक्सपर्ट शहनाज हुसैन से बात की है। चलिए उन्हीं से जानते हैं कैसे करें चेहरे पर मुलेठी का उपयोग।

### मुलेठी से कैसे बनाएं ग्लोइंग स्किन के लिए पैक?

मुलेठी के उपयोग से त्वचा की रंगत निखरने लगती है। इसमें ग्लेब्रेन तत्व पाया जाता है, जिससे त्वचा का रंग साफ होने लगता है। आप मुलेठी से फेस पैक बना सकती हैं। पैक बनाने के लिए ये स्टेप्स फॉलो करें-

त्वचा की रंगत निखारने के लिए 4 चम्मच मुलेठी पाउडर में 2 चम्मच गुलाब जल डालें। अब दोनों चीजों को अच्छे से मिला लें। आप चाहें, तो पैक बनाने के लिए गुलाब जल के बजाय खीरे के रस का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इस पैक को अपने चेहरे और गर्दन पर अच्छे से लगा लें। पैक के एक लेयर बननी चाहिए। जब फेस पैक सूख जाए, तब ठंडे पानी से चेहरे को साफ करें। इस फेस पैक का इस्तेमाल हफ्ते में 2 बार करने से फायदा होगा।

### मुलेठी से कैसे करें टैनिंग दूर?

एक छोटे कटोरे में 2 चम्मच मुलेठी पाउडर, दही और चुटकी भर हल्दी डालें। सभी चीजों को अच्छे से मिक्स कर लें। अब इस पेस्ट को चेहरे और हाथ-पैर पर लगा लें। करीब 5-10 मिनट बाद पानी से चेहरा धो लें। स्किन इंफेक्शन को कम करने के लिए मुलेठी के तने का इस्तेमाल किया जा सकता है। आर्युवेद में इसे यष्टिमधु कहा जाता है।

## आंखों के नीचे पड़ रहे हैं एजिंग स्पॉट्स, तो अपनाएं ये ब्यूटी हैक्स

40 की उम्र होने के बाद आखों के नीचे पड़ रही हैं झाइयां, तो ये घरेलू नुस्खे आपके आ सकते हैं काम। एक बार जरूर ट्राई करके देखें। उम्र बढ़ने के साथ-साथ त्वचा में बहुत सारे बदलाव आते हैं। आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स आना या फिर झाइयां पड़ना भी इन्हीं में से एक। यह दिक्कत आम तौर पर हर किसी को उम्र के 35वें पड़ाव पर पहुंचते-पहुंचते हो जाती है। खासतौर पर 40 की उम्र की महिलाओं के चेहरे पर आपको एजिंग स्पॉट्स नजर आए जाएंगे। ब्यूटी एक्सपर्ट डॉक्टर भारती तनेजा कहती हैं, ₹ आंखों के नीचे का हिस्सा गतिशील नहीं होता है, इसलिए एजिंग स्पॉट्स आने की सबसे ज्यादा संभावनाएं वहीं होती हैं। इसलिए आपको चेहरे की मसाज नियमित करनी चाहिए और आप रसोई में मौजूद कुछ चीजों का भी प्रयोग कर सकती हैं।

### क्यों पड़ते हैं आंखों के नीचे एजिंग स्पॉट्स?

एज फैक्टर के अलावा इसके दो कारण हो सकते हैं। पहले तो यह कि आंखों के नीचे आप मसाज नहीं



करती हैं और दूसरा यह कि आप बहुत ज्यादा धूप में रहती हैं। दरअसल, धूप में रहने की वजह से त्वचा में मेलेनिन ज्यादा बनने लगता है और इससे चेहरे पर डार्क स्पॉट्स उभर आते हैं।

### आंखों के नीचे डार्क स्पॉट्स को कम करने के उपाय

एलोवेरा जेल और गुलाबजल को मिक्स करके आइस ट्रे में मिश्रण को डालें और आइस क्यूब्स बना लें। फिर आप इन आइस क्यूब्स को आंखों के नीचे लगाएं। नियमित रूप से आप 5 मिनट ऐसा करें। इससे आपकी आंखों के नीचे के डार्क सर्कल्स और स्पॉट्स दोनों ही गायब हो जाते हैं।

#### कार्नर न्यूज

### ब्लैक जींस को आप दे सकते हैं न्यू लुक

## रंगत उतर गई है आपके ब्लैक जींस की तो अपनाइए इन टिप्स को, निखरेगी आपकी स्टाइल

पैंट के मामले में हर किसी की पसंद अलग अलग हो सकती है, लेकिन जब बात जींस की हो, तो सबकी पसंद एक ही होती है। ऐसा माना जाता है कि पुरुषों के वार्डरोब में चाहे किसी भी कलर की जींस हो या न हो, लेकिन ब्लैक जींस हर किसी के वार्डरोब का हिस्सा होती है।
ब्लैक जींस को लेकर ये आम धारणा है कि इसे पहनने के कुछ समय बाद इसका रंग फेड हो जाता है। अब हम जींस के फेड हुए कलर का तो कुछ नहीं कर सकते, लेकिन आपको कुछ ऐसे टिप्स जरूर बता सकते हैं जिनकी मदद से आप ब्लैक जींस का कलर फेड होने से रोक सकते हैं और जरुरत पड़ने पर जींस को फिर से डाई भी कर सकते हैं। इन टिप्स का अपनाकर आप अपनी फेड हुई जींस को फिर से नया बना सकते हैं और अपनी स्टाइल को अपडेट भी रख सकते हैं। सबसे आप टिप्स में ये समझिए कि कैसे आप अपनी फेड हुई जींस को फिर से डाई कर सकते हैं।



### जींस डाई करने समय निकालें

ये सबसे जरूरी बात है। जब भी आप अपनी जींस को डाई करना चाहें, तो सबसे पहले उसके लिए आपको समय की जरुरत है। याद रखिए ये काम जल्दबाजी का नहीं है। आप वो वक्त चुनें, जब आपके पास कुछ घंटे का समय हो। जींस को डाई करने से पहले उसे अच्छी तरह से धो लें। इसका कारण यह है कि अगर आपकी जींस गंदी है, तो वो डाई को अच्छी तरह से नहीं सोख पाएगी और आपकी सारी मेहनत बेकार हो जाएगी।

### सही डाई कलर का चुनाव करें

जींस डाई करने से पहले आपको सही डाई कलर का चुनाव करना आना चाहिए। आपको डाई कलर लिक्विड और पाउडर दोनो फॉर्म में मिल जाएंगे। डाई का इस्तेमाल करने से पहले आपको उसके बॉक्स पर लिखे इन्सट्रक्शन को भी ध्यान से पढ़ लेना चाहिए। ये इसलिए जरूरी है क्योंकि लिक्विड डाई ज्यादा कंसंट्रेट होती है। पहले से ही पानी में घुले होने के कारण इसे कम यूज करना होता है। वहीं, अगर आप पाउडर डाई का चुनाव कर रहे हैं, तो आपको उसे पहले गरम पानी में घोलना होता है। इसके अलावा पानी और डाई की मात्रा का ध्यान रखना भी बेहद आवश्यक है।

### जरूरी चीजों को इकट्ठा करना

जींस डाई करने से पहले इस्तेमाल में आने वाली सभी जरूरी चीजों को एकत्रित कर लें। आपको डाई करने के लिए मेटल की एक बड़ी चम्मच, रबर के ग्लव्स, टब और न्यूजपेपर जैसी चीजों की जरुरत पड़ेगी। आप जिस जगह पर डाई करने जा रहे हैं, वहां न्यूजपेपर बिछा लें, ताकि डाई फर्श पर न लगे।

### जींस को कलर सोखने दें

डाई के बॉक्स पर लिखे इन्सट्रक्शन के अनुसार जींस को कलर सोखने दें। याद रखिए जींस जितनी देर तक सोखेगी, आपको कलर भी उतना ही डार्क मिलेगा। बस टब या बाल्टी में जींस डालने के बाद उसे बीच बीच में चलाते रहें।

